

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-023 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## राज्यपाल ने लौटाया आरक्षण संशोधन विधेयक?

**रायपुर 21 अप्रैल**

छत्तीसगढ़ के नये आरक्षण विधेयक को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने लौटा दिया है इस खबर की राजधानी में पूरे दिन चर्चा रही। राजभवन तथा विधि विभाग ने इस खबर की पुष्टि नहीं की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ विधानभा में पिछले साल 2 दिसंबर को अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 को पारित किया गया था। तभी से ही ये विधेयक राजभवन में लंबित है। नये विधेयक में 76% आरक्षण देने का प्रस्ताव है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं देना का फैसला लिया है। अब अपुष्ट खबर ये है कि राज्यपाल ने नये आरक्षण विधेयक को लौटा दिया है। नये प्रावधान के तहत आदिवासी वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में 32% आरक्षण दिया जाएगा। अनुसूचित जाति को 13% और सबसे बड़े जातीय समूह अन्य पिछड़ा वर्ग-को 27% आरक्षण मिलेगा। वहीं सामान्य वर्ग के गरीबों को 4% आरक्षण दिया जाना है। छत्तीसगढ़



शैक्षणिक संस्था में प्रवेश में आरक्षण संशोधन विधेयक के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया था।

इस मामले में संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि राज्यपाल द्वारा विधेयक लौटाने के बाद अब सरकार आगे की कार्रवाई पर विचार करेगी। सरकार के पास विकल्प हैं। इसे फिर से वापस राजभवन भेज सकते हैं कोई ना कोई रास्ता निकालेंगे। मुख्यमंत्री भी विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। ज्ञात हो कि विधेयक पर हस्ताक्षर के लिए कांग्रेस के विधायकों एवं मंत्रियों ने कई बार पूर्व राज्यपाल उईके तथा वर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री भी राज्यपाल से मिले थे। इस मामले में आंदोलन भी किया जा चुका है।आपको बता दें कि पिछली राज्यपाल अनुसूईया उईके के वक्त से ही ये मामला सियासी तूल पकड़ रहा था, नये राज्यपाल के आने के बाद भी विधेयक को लेकर कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री भी कई बार ये कह चुके थे कि जब राज्यपाल बिल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं, तो उन्हें वापस लौटाना चाहिये। अब चर्चा यह है कि आरक्षण विधेयक को राज्यपाल ने वापस कर दिया गया है।

## आप के इरादे आसमान से भी ज्यादा ऊंचे हैं

### आईएएस अधिकारियों से बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज 'सिविल सेवा दिवस' के अवसर पर दिल्ली में सिविल सेवकों को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि इस साल का सिविल सेवा दिवस बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं। यह ऐसा समय है जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं। ये ऐसा समय है जब देश ने अगले 25 वर्षों के विराट-विशाल लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तेजी से कदम बढ़ाना शुरू किया है।

मोदी ने कहा कि देश को आजादी के अमृतकाल तक लाने के लिए उन अधिकरियों की बड़ी भूमिका रही, जो 15-25 साल पहले इस सेवा में आए हैं। अब आजादी के इस अमृतकाल में उन युवा अधिकारियों की भूमिका सबसे बड़ी है जो अगले 15-25 साल इस सेवा में रहने वाले हैं। मैं आज भारत के हर सिविल सेवा अधिकारी से यही कहूंगा कि आप बहुत भाग्यशाली हैं। आपको इस कालखंड में देश की सेवा का अवसर मिला है। हमारे पास समय कम है, लेकिन सामर्थ्य भरपूर है, हमारे लक्ष्य कठिन हैं लेकिन हौसला कम नहीं है, हमें पहाड़ जैसी ऊंचाई भले ही चढ़नी है, लेकिन इरादे आसमान से भी ज्यादा ऊंचे हैं। पिछले 9 वर्षों में अगर देश के गरीब से गरीब को भी सुशासन का विश्वास मिला है तो इसमें आपकी मेहनत भी रही है। पिछले 9 वर्षों में अगर भारत के विकास को नई गति मिली है तो ये भी आपकी भागीदारी के बिना संभव नहीं था। कोरोना संकट के बावजूद आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मोदी ने कहा कि डिजिटल पेमेंट में भारत नंबर वन पर है। भारत उन देशों में से एक है, जहां मोबाइल डेटा सबसे सस्ता है। आज देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था बदल रही है। मोदी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भारत आज जहां पहुंचा है, उसने हमारे देश को बहुत ऊंची छलांग के लिए तैयार कर दिया है। देश में ब्यूरोक्रेसी वही है, अधिकारी-कर्मचारी वही हैं, लेकिन परिणाम बदल गए हैं। पिछले 9 वर्षों में भारत अगर विश्व पटल पर एक विशिष्ट भूमिका में आया है तो इसमें आपका सहयोग भी रहा है। पिछले 9 वर्षों में अगर भारत के विकास को नई गति मिली है तो ये भी आपकी भागीदारी के बिना संभव नहीं था। पीएम ने ये भी कहा कि पहले यह सोच थी कि सरकार सब कुछ करेगी, लेकिन अब सोच यह है कि सरकार सबके लिए करेगी। अब सरकार सबके लिए काम करने की भावना के साथ समय और संसाधनों की कुशलता का उपयोग कर रही है। आज की सरकार का ध्येय है नेशन फर्स्ट, सिटीजन फर्स्ट और आज की सरकार की प्राथमिकता है- वंचितों को वरीयता। आज की सरकार देश के सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव ना मान कर उन्हें फर्स्ट विलेज मानकर काम कर रही है।

## संक्षेप

### सेक्स रैकेट का खुलासा

**भिलाई,21 अप्रैल।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के सूर्या मॉल में 17 अप्रैल को एसेंस स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ था. पुलिस की रेड के दौरान संचालक समेत 7 ग्राहक और 8 युवतियों को आपत्तिजनक हालत में हिरासत में लिया गया. रेड के तीन दिन बाद भिलाई नगर सीएसपी निखिल राखेचा अपनी टीम के साथ सील बंद स्पा सेंटर पहुंचे और स्पा सेंटर खुलवाया. तलाशी के दौरान पुलिस को जगह जगह कॉन्डम बिखरा मिला 17 अप्रैल को स्पा रेंटर में सेक्स रैकेट का खुलासा स्मृति नगर क्षेत्र के सूर्या मॉल के एसेंस स्पा सेंटर में सोमवार को पुलिस को देह व्यापार का कारोबार चलने की सूचना मिली. भिलाई नगर सीएसपी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. कार्रवाई के दौरान स्पा सेंटर में कई महिलाएं और पुरुष कमरों में आपत्तिजनक हालत में मिले. पुलिस ने मामले में 8 युवतियों का रेस्क्यू किया. संचालक और ग्राहकों को भी पकड़ा. पकड़ी गई लड़कियां असम और पश्चिम बंगाल की रहने वाली था पुलिस ने स्पा सेंटर के संचालक शरीक खान के खिलाफ मामला दर्ज किया सेक्स रैकेट भिलाई में स्पा सेंटर का फलता फूलता कारोबारः दुर्ग भिलाई में लगभग 15 से 20 स्पा सेंटर चलाए जा रहे हैं. स्पा सेंटर की आड़ में यहां सेक्स रैकेट चलाया जाता है. बीच बीच में पुलिस संदिग्ध स्पा सेंटर में छापेमार कार्रवाई करती रहती है. कुछ समय पहले भी शहर में स्चालित स्पा सेंटर में पुलिस ने एक साथ दबिश देकर संचालकों को नोटिस जारी किया था. बार से आने वाली युवतियों का जानकारी भी संबंधित थाने में देने कहा गया था. बावजूद इसके किसी भी संचालकों ने जानकारी नहीं दी

### पटाखा कंपनी में आग चार मजदूरों की मौत

**गुजरात , 21 अप्रैल।** गुजरात के अरावली में बड़ा हादसा हो गया है, यहां गुरुवार को एक पटाखा कंपनी में आग लग गई। हादसे में चार मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई। धुआं काफी दूर से दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं थीं और तुरंत आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया था। स्क संजय खरात ने बताया कि चार ही लोगों के अंदर फंसे होने की जानकारी मिली थी लेकिन हमने रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रखा है।

### बिलासपुर-कटनी रूट पर आज फिर रद्द की गई ट्रेन

**शहडोल,21 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के सिंहपुर में हुए रेल हादसे के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर से कटनी मार्ग की कई ट्रेनों को आज तीसरे दिन फिर रद्द कर दिया है. हादसे के 3 दिन का समय बीत गया, लेकिन रेलवे प्रशासन अभी भी ट्रेनों का परिचालन दोबारा शुरू नहीं करा पाई है. ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को भी आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बताया जा रहा है कि एक सिंगल लाइन चालू है जिससे मालगाड़ियां निकल रही है, लेकिन एक भी यात्री ट्रेन नहीं गुजरी है.

### संजय शुक्ला रेरा चेयरमैन नियुक्ति



**रायपुर, 21 अप्रैल।** हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स संजय शुक्ला को रेरा का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। चयन समिति की अनुशंसा पर विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है।



## नक्सलियों ने ट्रक में लगाई आग पेड़ काटकर मार्ग को किया बाधित

■ तरुण छत्तीसगढ़

**पखांजुर,21 अप्रैल।** नक्सलियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। माओवादी क्षेत्र में अपनी दहशत बरकरार रखने के लिए किसी न किसी घटना को अंजाम देते रहते हैं। इस बार क्सलियों ने ओरछा मार्ग में जमकर उत्पात मचाया है और आमदई माइंस के एक वाहन को आग के हवाले कर दिया। वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। वहीं नक्सलियों ने सड़क पर पेड़ काटकर मार्ग को बाधित कर दिया। घटना ओरछा मार्ग पर कापसी गांव की है। नारायणपुर-ओरछा मार्ग में नक्सलियों ने उत्पात मचाते हुए आमदई माइंस के एक वाहन को रोककर आगजनी की घटना को अंजाम दिया है जिससे वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। नारायणपुर से ओरछा मार्ग पर लगभग 15 किलोमीटर दूर कापसी गांव के पास सुबह 3~30 बजे माइंस के वाहन जा रहा था।

सामने दो पेड़ सड़क पर गिरे हुए देखकर ड्राइवर ने वाहन रोका, जिसके बाद ग्रामीण वेशभूषा में लगभग 8 से 10 की संख्या में नक्सली निकले। नक्सलियों ने वाहन के ड्राइवर और कंडक्टर को वहां से भगा दिया जिसके बाद डीजल टैंक को फोड़कर डीजल पूरी गाड़ी में छिड़काव कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया। जिसके चलते क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है, सड़कों पर आवाजाही रुकी हुई है। घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने की है।

### मुठभेड़ में 5 नक्सलियों के घायल होने का दावा

**सुकमा,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। एसपी सुनील शर्मा ने डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर की पुष्टि की है। पुलिस ने मुठभेड़ में 4 से 5 नक्सलियों के घायल होने का दावा किया है। खबरों के अनुसार नक्सली जवानो पर घात लगा कर बैठे थे इस लिए सर्चिंग पर निकली सुरक्षा बल के जवानों पर बंडा- कन्हईगुड़ा के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। एसपी सुनील शर्मा ने मुठभेड़ के दौरान 4 से 5 नक्सलियों के घायल होने का दावा किया है। फिलहाल मौके पर जवान मौजूद हैं।

### सीएम ने 'पहाड़ी कोरवा' एवं 'बिरहोर' के अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

**रायपुर,21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में विशेष पिछड़ी जनजाति 'पहाड़ी कोरवा' और 'बिरहोर' जनजाति के युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए है। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस कार्यक्रम में आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा और आदिम जाति विकास विभाग की संचालक शम्मी आबिदी भी उपस्थित हैं। कोदो-कुटकी- रागों का समर्थन मूल्य तय करके उनकी खरीदी की व्यवस्था की गई है। इन फसली के लिए भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा की इन युवाओं ने बहुत विषम परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई की है।

## बुजुर्ग पति-पत्नी की हथियार से वारकर हत्या

**बेमेतरा,21 अप्रैल** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**



बेमेतरा में दोहरे हत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बुजुर्ग दंपत्ति में महिला का सिर पत्थर से कुचलकर हत्या की गयी, तो वहीं बुजुर्ग का गला रेत कर की हत्या की गयी है। जानकारी के अनुसार घर में दोनों पति पत्नी ही रहते थे। दोनों का घर गांव के बाहर फार्म हाउस में था। हत्या इतनी दर्दनाक थी कि देखने वालों की रूह कांप जायेगी। घटना कंडरका चौकी क्षेत्र के ग्राम सिलघट का है। बता दें कि सुखीराम निषाद (72) भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर हुए थे। उनके दो लकड़े और एक लड़की है। तीनों की शादी हो चुकी है। दोनों बेटे भिलाई में काम करते हैं। सुखीराम पत्नी श्यामबती निषाद (70) के साथ गांव में ही रहते थे और खेती-किसानी का काम किया करते थे। उनका मकान गांव से थोड़ा हटकर बना हुआ है। गुरुवार सुबह करीब 7-8 बजे लोगों ने घर में कोई हलचल नहीं दिखी तो अंदर जाकर देखा तो वहां दंपति का शव पड़ा था। पुलिस पहुंची तो बुजुर्ग का शव बरामदे में पड़ी चारपाई पर था। जबकि उनकी पत्नी का शव घर के अंदर कमरे में जमीन पर पड़ा था। दो लोगों की एक साथ हुए हत्या के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग सुखराम की गला रेतकर हत्या की गई है। जबकि उनकी पत्नी के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया है। बुजुर्ग महिला श्यामबती और हत्यारों के बीच काफी संघर्ष होने के भी निशान मिले हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। अब देखना यह होगा की कातिल कब तक अपना गुनाह छुपाने में सक्षम होते है। अब पुलिस कातिलों की तलाश कर रही है।

## दिल्ली के साकेत कोर्ट में चली गोली, महिला घायल

**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** राजधानी में कोर्ट परिसर में सरेआम एक गवाह पर गोली चल गई। महिला को शुक्रवार सुबह गवाही के लिए कोर्ट लाया गया था। इस दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। एक गोली महिला के पेट में जा लगी। उसे एनएससी थाना अध्यक्ष ने अपनी गाडी से अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना राजधानी दिल्ली की साकेत कोर्ट की है। वारदात से दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है। सूचना के बाद सारे वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि महिला को एक के बाद एक चार गोली मारी गई हैं। घायल महिला की पहचान एम राधा के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 40 से अधिक बताई जा रही है। घायल अवस्था में महिला को निजी अस्पताल ले जाया गया। मौके पर मौजूद एक



शख्स के अनुसार, कुल 4-5 राउंड फायरिंग की गई। आरोपित व्यक्ति निलंबित वकील है, गोली मारने के बाद वह कैंटीन के बैक एंट्री के रास्ते फरार हो गया। बता दें कि पिछले साल रोहिणी कोर्ट में गैंगस्टर जितेंद्र गोगी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर वकील के ड्रेस में आए थे।

## सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने तैयारी

**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** सूडान की राजधानी बम धमाकों तथा भारी गोलाबारी से दहलती रही है। सूडान में प्रतिद्वंद्वी जनरलों के प्रति वफादार बलों के बीच लड़ाई लगातार जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंसाग्रस्त सूडान में भारतीयों की स्थिति की समीक्षा करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मीडिया रिपोर्ट की माने तो सूडान संकट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसने राजधानी शहर खार्तूम में हजारों भारतीयों के जीवन को दांव पर लगा दिया है। वर्तमान में 4,000 से अधिक भारतीय संकटग्रस्त राष्ट्र में फंसे हुए हैं। सूत्रों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सूडान में भारतीयों से संबंधित स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सूडान पिछले सात दिनों से देश की सेना और एक अर्धसैनिक समूह के बीच घातक लड़ाई देख रहा है जिसमें लगभग 200 लोग मारे गए हैं। अंधाधुंध गोलीबारी के कारण भारतीयों को भोजन, पानी, दवाओं और बिजली की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच भीषण लड़ाई के कारण वहां फंसे कई भारतीयों के चिंतित परिजन अपने रिश्तेदारों के बारे में किसी जानकारी की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके साथ ही चिंतित परिजनों ने सरकार से अपील की है कि संकटग्रस्त अफ्रीकी देश में फंसे लोगों को निकालने की व्यवस्था की जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने नयी दिल्ली में कहा था कि चार-पांच दिन बाद भी संघर्ष कम नहीं हुआ है, लड़ाई जारी है और स्थिति तनावपूर्ण है।



## एएसआई का कटा चालान

**रायपुर,21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। दुर्ग पुलिस की इस कार्रवाई से अब खुद पुलिस वाले भी नहीं बच पा रहे है। दुर्ग पुलिस ने इसी क्रम में बिना हेलमेट के गाड़ी चला रहे एएसआई का 800 रूपए का चालान काटा है। एएसआई का नाम मयंक कुमार यादव है। दरअसल, एक आम नागरिक द्वारा दुर्ग पुलिस के सोशल मीडिया एकाउंट में एएसआई गुप्तेश्वर यादव के द्वारा बिना हेलमेट बाइक चलाते हुये फोटो भेजा गया था। फोटो की जानकारी मिलने के बाद एसपी अभिषेक पल्लव ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए व्हीकल एक्ट के तहत 800 रूपए का चालान काटा गया। बता दें कि उप निरीक्षक मायंक यादव भिलाई नगर थाना में पदस्थ है।

### हम वकीलों की कमाई कराने नहीं बैठे : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली,21 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपनी साफगोई और सख्त तेवर के लिए जाने जाते हैं। शुक्रवार को भी एक मामले की सुनवाई के दौरान उनका सख्त रुख देने को मिला। एक वकील की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता का नाम केस में शामिल करने की मांग पर वह भड़क गए। चीफ जस्टिस ने साफ कह दिया कि हम यहां वकीलों की कमाई कराने के लिए नहीं बैठे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चीफ जस्टिस ने कहा कि हम जानते हैं कि कौन अदालत में पेश हुआ है और कौन नहीं। चीफ जस्टिस ने कहा, हम जानते हैं कि कौन कोर्ट में पेश हुआ और कौन नहीं। यदि कोई अदालत में आया ही नहीं तो हम क्या कर सकते हैं। हम ऐसे लोगों की मदद नहीं करेंगे।

इससे पहले 11 अप्रैल को भी एक केस की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने वकील को फटकार लगाई थी।

## समाज को बांटते-बांटते कांग्रेस इतनी बंट गई कि उनके पास कुछ रहा नहीं : नड्डा



**बंगलुरु,21 अप्रैल।** कर्नाटक चुनाव को लेकर भाजपा अपनी पूरी ताकत लगा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार कर्नाटक का दौरा कर रहे हैं। कर्नाटक ने बीदर में जेपी नड्डा ने श्री रामकृष्ण आश्रम का दौरा किया। इस दौरान नड्डा ने वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की। नड्डा ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी से लेकर आज तक समाज को बांटने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि बांटते-बांटते वह खुद भी इतने बंट गए कि उनके पास कुछ रहा नहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में कांग्रेस को हटे 60 वर्ष हो गए..जो पांव उखड़े तो उखड़े ही रह गए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केरल में लगभग साढ़े 8 साल से सरकार से बाहर है। न वो तेलंगाना में रहे और न ही आंध्र प्रदेश में रहे। जब कांग्रेस और जेडीएस सरकार आती है और जब कांग्रेस-जेडीएस भाई-भाई की सरकार आती है तो भारत की योजना कर्नाटक की जनता को मिलने से रोक दिया जाता है। नड्डा ने यह भी कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए रास्ते पर चलना है। उनका महान जीवन अपने आप में एक सीख रहा है। हमें अपने जीवन को आलोकित करने के लिए उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में, युवाओं के कौशल विकास और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आपके प्रयास सराहनीय हैं। यह सब मिलकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। इसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। नड्डा ने कहा कि सत्य की खोज में स्वामी विवेकानंद जी ने अपना जीवन लगा दिया और जो ज्ञान उनका था, उस ज्ञान को उन्होंने समाज को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में आप अच्छा योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा के महान कार्य, जैविक खेती को बढ़ावा देना और युवाओं को सशक्त बनाना आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद कर रहा है।

## समाचार संक्षेप

### केरियर काउंसिलिंग जनजागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर और एसपी शामिल हुए



**कवर्धा,21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम सिघनगढ़ थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम में केरियर काउंसिलिंग जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय एवं पुलिस विभाग द्वारा किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री जन्मजेय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री डॉ लाल उमेद सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा ग्रामवासियों को आपसी भाईचारा सद्भावना के साथ समाजीक व धार्मिक कार्यक्रमों को करने युवाओ के लिए केरियर काउंसिलिंग कर रोजगार अवसर के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी दिये एवं महिलाओं पर घटित होने वाली अपराध,साइबर सुरक्षा संबंधी अपराध, गुड टच बैड टच,यातायात सुरक्षा की जानकारी अभिव्यक्ती मोबाइल ऐप पीड़ित छतिपूर्ति कानून के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया, ग्रामीण भारी संख्या मे महिला /पुरुष /बालक /बालिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम मे थाना प्रभारी लोहारा निरीक्षक मुकेश यादव, महिला सेल प्रभारी स.उ.नि. विजया कैवर्तय महिला सेल टीम से आरक्षक रोमन चंद्रवंशी , चंद्रशेखर , आशीष , उपस्थित रहे।

### रानू ने लोगों से मास्क पहनने की विनम्र अपील की



**कवर्धा,21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कवर्धा शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रानू दुबे ने देश में कई राज्यों और कबीरधाम जिले में कोरोना की दस्तक दी है जो की चिंताजनक है । हमारी विनम्र अपील है की सभी लोग मास्क अवश्य पहने और भिड़ में दो गज की दूरी का पालन करे और बाहर से घर आए तो साबुन से हाथ अवश्य धोए । आफिस में अधिकारी , कर्मचारी भी मास्क जरूर पहने और दुकानदार , व्यापारी , जनप्रतिनिधि या पार्षद भी मास्क अवश्य पहने यह मेरी विनम्र अपील है क्योंकि मास्क कोरोना से बचाता है । जिला प्रशासन मास्क जागरूकता अभियान की शुरुवात कर चुकी है जो की बहुत अच्छी बात है । मास्क पहनना और दो गज की दूरी का पालन अवश्य करना है जिससे की हम खुद को और अपने आस पास के लोगो को कोरोना वायरस से दूर रहना है ।

### कोरोना संक्रमित होने के बाद परेशान महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**भिलाई, 21 अप्रैल।** कोरोना संक्रमित होने के बाद से सिर दर्द से परेशान एक महिला ने आत्मदाह कर आत्महत्या का प्रयास किया है करीब 90 प्रतिशत तक झुलसे हुए अवस्था में महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है अभी तक महिला का बयान नहीं हो सका है जिससे घटना का कारण स्पष्ट हो सके नेवई पुलिस ने बताया का स्टेशन मरोदा निवासी ललिता साहू ने गुरुवार की शाम को करीब चार बजे अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह कर लिया घटना के समय उसके परिवार के सदस्य हाल में बैठकर टीवी देख रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला को कोरोना संक्रमण हुआ था उसके बाद से उसे सिर दर्द की परेशानी रहती थी। काफी इलाज के बाद भी उसका सिर दर्द ठीक नहीं हुआ था। घटना के पहले भी उसने अपने परिवार के सदस्यों से सिर दर्द से परेशान रहने की बात कही थी।

### पुलिस वालों से गाली गलौज कर मारपीट करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 21 अप्रैल।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र खुर्द निवासी सागर दीवान उर्फ सानू और जेवरा वार्ड-6 निवासी किशान ढीमर को गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी ने बताया कि ने मारपीट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची आरोपियों ने पुलिस वालों से गाली गलौज कर मारपीट की थी। आरोपी सागर और किशन के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 186, 353 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने सटोरियों के ठिकानों पर दी दबिश, रंगेहाथ पकड़ा

**भिलाई, 21 अप्रैल।** पद्मनाभपुर पुलिस ने सटोरियों के चार ठिकानों पर दबिश दी जहां सट्टा पट्टी लिखते हुए रंगेहाथ आरोपी पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 58 हजार 145 रुपए जब्त किया है। टीआई राजीव तिवारी ने बताया कि सट्टा की सूचना मिल रही थी।


# बेटियों की शादी के लिए दिया 25-25 हजार का सहयोग:इन्द्रजीत सिंह





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के सदस्य बसंत कुमार गेन्द्रे पेशे से ड्राइवर हैं, उनकी बिटिया की शादी के लिए संस्था के पदाधिकारियों ने 25 हजार रुपये नगद देकर मदद कर अनुकरणीय पहल की है । बसंत कुमार ने 25 हजार की नगद राशि पाकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस प्रकार से सहयोग कोई देता नहीं है। संस्था का दिल देखिए इतना बड़ा है कि 25 हजार नगद देकर मुझ पर बहुत बड़ा उपकार किया। संस्था के संरक्षक के अचल भाटिया व संस्था के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू का बसंत ने आभार व्यक्त किया। एक अन्य सदस्य पप्पू प्रसाद भी पेशे से ड्राइवर हैं। जो विगत 30 वर्षो से गाड़ी चलाने का कार्य करते हैं। अब उनकी बिटिया की शादी होने जा रही है जिसे संस्था के तरफ से 25 हजार राशि का सहयोग दिया गया। सहयोग के लिये भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए पप्पू ने इस पहल को बहुत अच्छा बताया व कहा कि इस प्रकार से कार्य सभी जगह होना चाहिए। जिससे लोग संस्था के प्रति अपनापन महसूस करेंगे। इस दौरान भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के संरक्षक अचल भाटिया, अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, महासचिव मलकीत सिंह, मीडिया प्रभारी गोकुल शर्मा सहित एसोसिएशन से जुड़े लोगों में निर्मल सिंह, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, जोगा राव, संदीप सिंह, दिलीप खटवानी, सुधीर सिंह, महेंद्र सिंग पप्पी, शाहनवाज शानू , रिज्जु सिंह, गुरप्रीत सिंह, आनंद सिंह, अमित सिंह, सोनू, मोनी, बलजिंदर सिंह बिल्ला, रमन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### शहर की 60 साल पुरानी मस्जिद जल्द नजर आएगी नए रूप में

**भिलाई, 21 अप्रैल।** इस्पात नगरी भिलाई में 60 साल पहले अनूठी डिजाइन के साथ बनाई जामा मस्जिद सेक्टर-6 जल्द ही नए कलेवर में नजर आने वाली है। अरबी में लिखे 'या अल्लाह' की वजह से चर्चित रही इस मस्जिद का विस्तारीकरण और सौंदर्यीकरण दोनों किया जा रहा है। जिससे इस मस्जिद की खूबसूरती में और भी निखार आएगा। यह डिजाइन बीते 60 सालों से लोगों को आकर्षित करती रही है। नतीजा, यह है कि इस मस्जिद की डिजाइन के आधार पर हूबहू ऐसी ही मस्जिद सऊदी अरब में अलनमास के अलभा में मौजूद है। वहीं भारत में बेंगलुरू (कर्नाटक) और बिहार में सीवान के फिरोजपुर में भी ऐसी ही मस्जिद बनाई गई। इसके अलावा देश और दुनिया भर में जारी होने वाले उर्दू कैलेंडर पर भी सेक्टर-6 भिलाई की इस मस्जिद की तस्वीर बीते 60 सालों से प्रमुखता के साथ इस्तेमाल हो रही है। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट ने नमाजियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए मस्जिद के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण का फैसला लिया था। इसके बाद पिछले दो दशक से विभिन्न चरणों में इस मस्जिद का विस्तारीकरण किया गया। जिससे मीनार के नीचे मौजूद हौज को बंद किया गया और अलग से वुजू खाना बनाया गया। इस दौर में नमाजियों के लिए मस्जिद के बाहरी हिस्से में कोई छत नहीं थी, लिहाजा मस्जिद ट्रस्ट की ओर से हर साल ठंड की विदाई से बारिश तक के लिए करीब 8 माह तक तिरपाल की अस्थाई छांव की जाती थी।

## गांजा बेच रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई, 21 अप्रैल।** नेवई थाना क्षेत्र बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा में गांजा बेच रहे एक आरोपित को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित अपने घर के बाहर गांजा बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर उसके पास से नौ किलो गांजा जब्त किया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। नेवई टीआई ममता शर्मा ने बताया कि बीआरपी कोलानी तिरंगा चौक स्टेशन मरोदा निवासी आरोपित राजकुमार ठाकुर ( 50 ) को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अपने घर के बाहर एक सफेद रंग की बोरी में गांजा छिपाकर उसे बेच रहा था। मुखबिर से इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और आरोपित के पास से नौ किलो गांजा और बिक्री रकम 850 रुपये जब्त किए गए हैं। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वो ओडिशा से गांजा की खेप लेकर भिलाई आया था और उसे चिल्हर में लोगों को बेचने वाला था। वो गांजा की बिक्री कर पाता, इसके पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है आरोपित के पास से नौ किलो गांजा जब्त स्टेशन मरोदा में बेच रहा था 850 रुपये जब्त हुआ।

# भेंट मुलाकात के दौरान महिला की शिकायत पर शाम तक राशन कार्ड बना कर दे दिया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,21 अप्रैल।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार सघन भेंट मुलाकात कर रहे हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में नियमित रूप से दौरा कर रहे हैं। एक-एक गली एक एक घर जा रहे है। लोगों से मिल रहे हैं। उनका हालचाल पूछ रहे हैं और शहर व वार्ड के विकास कार्यों पर चर्चा कर रहे हैं। वार्ड की समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं।

इसी कड़ी में भेंट मुलाकात के दौरान वार्ड 43 बापूनगर में एक महिला विधायक श्री यादव से मिली। उन्होंने बताया कि वह राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन की है। लेकिन उसका राशन कार्ड बनाने में देरी हो रही है । मामले की सूचना मिलते ही विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आवेदन का स्टेटस पता करें । आवेदन जी जांच की जाए। यदि महिला राशन कार्ड के लिए पात्र है तो फिर उनका राशन कार्ड क्यों नहीं बनाया जा रहा है। क्या समस्या आ रही है। तत्काल जानकारी लेकर रिपोर्ट मांगा। अधिकारियों ने जांच की और फिर शाम तक महिला का राशन कार्ड बनाया गया। इसके बाद शाम को महिला को उसका राशन कार्ड सौंप दिया गया। इससे वह बहुत खुश हुई और विधायक श्री यादव को आशीर्वाद दी और आभार जताया। महिला ने कहा कि आप नेता नहीं बेटा हो।

### वार्ड-43 बापू नगर में लगाई चौपाल

भेंट मूलाकात के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों के घर-घर पहुंचे। लोग भी अपने घर में अचानक विधायक को देख कर काफी खुश हुए। लोगों ने उन्हें अपने घर में बिठाया। चाय पानी पिलाए। सुबह से रात तक विधायक श्री यादव वार्ड में ही जनता के साथ मिलते रहे।वार्ड में चौक चौराहों में चटाई बिछाकर जमीन पर बैठककर चौपाल लगाई और शहर के विकास पर चर्चा की।

# बीएसपी में दो दिवसीय सैप हाना कार्यशाला का उद्घाटन



भिलाई, 21 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सी एंड आईटी विभाग के साथ कॉर्पोरेट कार्यालय सेल और पीडब्लूसी के तत्वाधान में 20 और 21 अप्रैल, 2023 को सैप एस/4 हाना पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह 20 अप्रैल को एचआरडी सेंटर में हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इनके अलावा कार्यशाला में कार्यपालक निदेशक एवं अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए.के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ. ए.के. पंडा, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, निगमित कार्यालय सेल नई दिल्ली से कार्यपालक निदेशक पुनीत शर्मा और भिलाई इस्पात संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल रहे। कार्यशाला में प्राइस वाटरहाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड के सैप तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सेल की अन्य इकाइयों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। पहली बार इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सेल की पहली इकाई है जो अपने व्यवसाय संचालन में सैप को लागू करेगा। सेल के लिए यह आवश्यक है कि वह एक ही पोर्टफोलियो के तहत ऐसी प्रणाली को लागू करें, जिससे हमारे काम में अधिक सुविधा और एकरूपता आ सके। दासगुप्ता ने कहा कि पूर्व में प्रत्येक डेटा का विश्लेषण मैन्युअल रूप से किया जाता था, हालांकि एसएपी एस/4 हाना के कार्यान्वयन के साथ, प्रत्येक डेटा को एक साथ लाया जा सकता है और उपयुक्त प्राधिकरण तथा साइबर सुरक्षा के साथ आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने अपने सम्बोधन में इस कार्यशाला के लिए के रूप में भिलाई के चयन के लिए सी एंड आईटी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सैप एस/4 हाना की शुरुआत के साथ, सेल को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से व्यवस्थित रूप से डेटा तक पहुंचाने में अधिक कुशलता और सुविधा होगी, जिससे हमारी उत्पादकता बढ़ेगी और समय की भी बचत होगी। कार्यपालक निदेशक पुनीत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि फ्रंटलाइन अधिकारी सैप एस/4 हाना के प्रयोग से डेटा को व्यवस्थित किया जा सकेगा तथा जिस तरह से हम चाहते हैं वैसा सब कुछ करने के लिए हमें नवीनतम तकनीकों को उपयोग में लाना चाहिए। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा ने धन्यवाद ज्ञापन मेन ईआरपी की 14 साल की यात्रा पर प्रकाश डाला । महाप्रबंधक नवीन जैन सत्र के मुख्य वक्ता थे जिन्होंने सैप एस/4 हाना के कार्यान्वयन और कार्यप्रणाली की व्याख्या की। संचालन श्रीमती महाप्रबंधक रश्मी अग्रवाल द्वारा किया गया।

# सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए जनता से अच्छे संबंध बनाने के साथ जागरूक किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 21 अप्रैल।** कबीरधाम जिले के थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्र के ग्राम सिंघनगढ में दिनांक-20.04.2023 को कैरियर कार्उसिलिंग एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक पुलिसिंग के तहत किया गया। जिसमें नव युवक-युवतियों को कैरियर गाइडेंस संबंधी आवश्यक सुझाव प्रधान किया गया।दुर्ग रेंज दुर्ग पुलिस महानिरीक्षक श्री आनंद छाबड़ा द्वारा कबीरधाम जिला के क्राइम मीटिंग के दौरान कबीरधाम पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र के ग्राम वासियों के बीच जाकर अधिक से अधिक समय बिताकर यदि गाँव में किसी प्रकार की अपराधिक गतिविधियां उत्पन्न हो रही है, या ग्राम वासियों की किसी प्रकार की शिकायत है, तो उसका तत्काल निराकरण करने व जनता और पुलिस के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक श्री मुकेश यादव के द्वारा दिनांक-20.04.2023 को दोपहर 3ः30 बजे से शाम 6ः30 बजे तक कैरियर काउंसलिंग एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री जन्मेजय महोबे जिलाधीश कबीरधाम एवं डॉ लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर ग्रामवासी युवक-युवती एवं उपस्थित ग्राम वासियों को बेहतर भविष्य निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया गया।जिलाधीश श्री जन्मेजय महोबे द्वारा सर्वप्रथम अपने उद्बोधन में सम्मानीय ग्रामवासी एवं अधिक संख्या में उपस्थित युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ÷इच्छा शक्ति÷ मजबूत होना चाहिए, तभी व्यक्ति किसी भी लक्ष्य को पा सकता है। पुराने समय में व्यक्ति भले ही कम पढ़े लिखे थे, लेकिन आज अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देना चाहते हैं, यह सबसे अच्छी बात है, क्योंकि वे बिना शिक्षा के जो आज महसूस करते हैं, वह कभी भी नहीं चाहेंगे कि उनके बच्चे वह महसूस करें, बच्चों की पढ़ाई अच्छी होनी चाहिए तथा स्कूल में शिक्षक अच्छा पढ़ाने वाले होना चाहिए, बच्चा जब छोटा होता है, तो सबसे पहले वह अपनी माता से सीखता है, फिर परिवार से संस्कार प्राप्त करता है। ठीक उसी प्रकार बच्चों की शिक्षा के लिए सबसे पहले आंगनबाड़ केंद्र फिर स्कूली शिक्षा जिसके उपरांत महाविद्यालय की शिक्षा हर माता-पिता को अपने बच्चों को दिलाना चाहिए। बिना शिक्षा के बच्चे ना तो स्वयं का ना परिवार का ना गाँव का ना ही प्रदेश व देश को आगे ले जा पाएंगे, इसीलिए सभी अपने बच्चों को शिक्षित बनावें, आगे चलकर वे खुद ही अपने आप को एक बेहतर इंसान और सफल व्यक्ति बना लेंगे, कहकर उपस्थित नव युवक युवतियों को निजी एवं शासकीय क्षेत्रों में अपने भविष्य को संवारने हेतु प्रेरक उद्बोधन देकर आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही विभिन्न शासन-प्रशासन की योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी भी प्रदान किया गया।डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा सर्वप्रथम अपने उद्बोधन में उपस्थित समस्त ग्रामवासी एवं कक्षा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की परीक्षा पास करने वाले युवक-युवतियों को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए बधाई का पात्र बताते हुए कहा गया। कि कैरियर काउंसलिंग एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गाँव में पहली बार आयोजित किया गया है। जिसमें निश्चित ही आप सबको बहुत कुछ सीखने को मिला होगा कहते हुए भविष्य निर्माण हेतु प्रेरक उद्बोधन दिया गया। जिसके पश्चात जानकारी देते हुए बताया गया, की मेरे पूर्व कार्यकाल में फोर्स एकैडमी का शुभारंभ कराया था, जिसका उद्देश्य सिर्फ जिला बल व सशस्त्र बल में जाने की इच्छा रखने वाले नव युवकों को उचित प्रशिक्षण देकर इस योग्य बनाया जाये कि वे अपनी फोर्स में जाने की इच्छा पूरी कर सके, आज उनमें से 550 से अधिक युवक-युवतियों का सिलेक्शन इंडियन आर्मी, सशस्त्र बल, जिला बल, आइ.टी.बी.पी. जैसे अन्य फोर्स में हो चुका है, तथा 50 से अधिक युवक-युवतियों का वर्तमान में एस.एस.सी. जी.डी. (पैरामिलिट्री फोर्स) के लिखित परीक्षा को पास कर चुके हैं। जिनका फिजिकल ट्रेनिंग पूर्व से ही दिया जा रहा है, जो निश्चित ही पैरामिलिट्री फोर्स में सेलेक्ट होंगे, यदि आप लोगों में से जो भी युवक-युवती कक्षा 10वीं उत्तीर्ण कर चुके हैं, वह फोर्स एकेडमी ज्वाइन कर सकते हैं, जहां कबीरधाम पुलिस द्वारा निशुल्क फिजिकल एवं रिटन एग्जाम की तैयारी निशुल्क कराई जाती है। समय अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसे व्यर्थ न जाने दें जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, लगातार कड़ी मेहनत करते रहें सफलता जरूर प्राप्त होगी कहा गया।थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक श्री मुकेश यादव के द्वारा ग्रामवासियों को साइबर अपराध से बचने के उपाय के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक करते हुए कहा गया, कि हम सब आजकल मोबाइल फोन के माध्यम से इंटरनेट से जुड़े हुए हैं।

अपने अपने मोबाइल फोन पर प्ले स्टोर से अलग-अलग ऐप फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, पे.टी.एम., फोन पे, आदि का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कई बार हम साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों के चंगुल में फंस जाते हैं, जिसका मात्र एक कारण है। जानकारी का अभाव, इसीलिए कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार कबीरधाम पुलिस के फेसबुक पेज एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जो भी घटना दुर्घटना जिले में घटित होती है, तथा कुछ ऐसी भी घटना जो किसी और राज्य/जिले में घटित होता हैं, की सारी जानकारी कबीरधाम पुलिस के फेसबुक में अपलोड कर दिया जाता है, जिसे आप सब अपने मोबाइल फोन पर देख सकते हैं, तथा आपके द्वारा इस पेज को लाइक करने पर आप से जुड़े और लोगों को भी वह पोस्ट दिखाई देगा तथा वो भी साइबर अपराध एवं अन्य घटनाओं से बच सकेंगे, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप ग्रुप पर किसी भी प्रकार के लुभावने प्रस्ताव या फ्रेंड रिक्वेस्ट आने पर उसे कदापि एक्सेप्ट ना करें, कहकर विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी ग्राम वासियों को प्रदान कर, जिलाधीश महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री इसराइल खान के द्वारा यातायात नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया, तथा महिला सेल प्रभारी निरीक्षक श्रीमती विजया केवरत के द्वारा महिलाओं एवं बालक बालिकाओं से संबंधित अपराधों से बचाव हेतु उपस्थित ग्रामवासियों एवं महिला पुरुष व बच्चों को आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिलाधीश श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक श्री मुकेश यादव, सरपंच भगवानी साहू, उप. सरपंच प्रतिनिधि निमंछन विश्वकर्मा, जनपद पंचायत सदस्य गौरी साहू, सुखनंदन साहू, मंच संचालन दुर्गेश पाण्डेय, स0उ0नि0 संदीप चौबे, सुनील यादव, प्र0आर0 महेंद्र चंद्रवंशी, आरक्षक आकाश राजपूत, रोमन चंद्रवंशी एवं थाना स0लोहारा, यातायात व महिला सेल के स्टाफ तथा अधिक संख्या में ग्रामवासी महिला पुरुष एवं युवक-युवती तथा बच्चे उपस्थित रहे।

### कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू का जन्मदिन मनाया गया



कवर्धा, 21 अप्रैल।सुबह से ही लोग फोन पर कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दीए और कवर्धा शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रानू मनोज दुबे और सदस्यों के साथ कृषि मंडी के सदस्यो ने भी अध्यक्ष नीलकंठ साहू को गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी । कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू और अधिकारी कर्मचारियों ने भी अध्यक्ष नीलकंठ साहू को बधाई देते हुए कहा की आप जियो हजारों साल और हमेशा खुश रहे ।

### अग्रवाल समाज, श्रीबांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारत विकास परिषद 22 अप्रैल को कराएगा 65 जोड़ों का सामूहिक विवाह



**भिलाई,21 अप्रैल।** आर्थिक दिक्कतों तथा दूसरी कठिनाइयों के चलते विवाह नहीं होने की समस्या को दूर करने कई सामाजिक संस्थाएं आगे आ रही हैं।इसी कड़ी में भिलाई के अग्रवाल समाज़ ,श्री बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 अप्रैल को भिलाई में निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक की जानकारी के अनुसार इसमें 65 जोड़ों का विवाह कराने की तैयारी की गई है। तमाम सामाजिक संस्थाएं इस पुनीत सामाजिक कार्य में सहयोग कर रही हैं।इस बारे में जानकारी देते हुए श्री बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट के स्थानीय ट्रस्टी बंसी अग्रवाल ने बताया है कि यह ट्रस्ट विभिन्न सामाजिक तथा रचनात्मक जनकल्याणकारी कार्यों में लगातार सक्रिय है।इसी कड़ी में निशुल्क सामूहिक विवाह करना शुरू किया गया है। पिछले 2 वर्षों से भिलाई में निशुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि कई विवाह आर्थिक कठिनाइयों के चलते नहीं हो पाते। सामूहिक विवाह के माध्यम से हम उन परिवारों, जिन्हें आर्थिक कठिनाइयों के चलते विवाह में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, कई परिवार अपनी बिटिया के हाथ पीले नहीं कर पाते हैं को मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। सामूहिक विवाह में प्रत्येक वर्ग समाज के लोग हिस्सा ले सकते हैं और हम जरूरतमंद लोगों की बस्ती में स्वयं जाकर इसके बारे में जानकारियां प्रदान करते हैं। विवाह का पूरा कार्यक्रम पूर्ण विधि-विधान रीति रिवाज से संपन्न कराया जाता है। संस्था की ओर से सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले जोड़ों को कपड़े, बर्तन तथा दैनिक जरूरत के अन्य समान प्रदान कर सहयोग भी किया जाता है।अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष स्वर्गीय भगवती रायका जी की स्मृति में सामूहिक सरल विवाह का आयोजन किया जा रहा है। अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न स्थानों से जोड़े विवाह के लिए पहुंच रहे हैं। 65 जोड़ों का विवाह हेतु रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है। वैवाहिक कार्यक्रम भवन में प्रातः 10ः00 बजे से शुरू हो जाएगा। इसके पहले सभी दूल्हे कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर, भिलाई परिसर में प्रातः 8 बजे से एकत्रित होंगे और वहां से परंपरागत तरीके से बैंड बाजे के साथ बारात निकलेगी जोकि बारातियों के साथ स्कूल से अग्रसेन चौक, नगर निगम पानी टंकी, भेलवा तालाब होते हुवे नानकसर गुरुद्वारा तक पैदल पहुंचेगी । वहां से सभी बस से अग्रसेन भवन, सेक्टर 6 पहुंचेंगे । वेदी एवम् मंगल विवाह का कार्यक्रम दोपहर 11.00 बजे से 1.00 बजे तक संपन्न होगा ।

एक नजर

## विजय मिश्रा की कथा का प्रसारण आकाशवाणी से 22 को होगा



**रायपुर 21 अप्रैल।** आकाशवाणी रायपुर के कार्यक्रम साहित्य पत्रिका पल्लवी में विजय मिश्रा अमित की कहानी दादू मैं हूं न, तथा सहदेव देशमुख की कविता का प्रसारण आज शनिवार 22 अप्रैल को सुबह 9-00 बजे होगा।पल्लवी के सम्पादनकर्ता,प्रस्तोता श्री प्रकाश उदय है। पेड़ प्रहरी संस्था के संचालक विजय मिश्रा द्वारा कोरोना संक्रमण काल में लिखी गई कहानी÷ दादू मैं हूं ना÷ मानव और वृक्षों के मध्य मार्मिक संबंधों पर केंद्रित है। कोरोना पीड़ित की मनोदशा का इसमें जीवंत चित्रण किया गया है।कोरोना मरीज और करंज पेड़ के मध्य रोचक संवाद के साथ आगे बढ़ती कहानी में स्वयं के बच्चों से ज्यादा प्रकृति की उपादेयता को उजागर किया गया है।

## सभापति के प्रयास से खिलाड़ियों को जूता व किट वितरण



**अवरी 21 अप्रैल ।** ग्राम पंचायत जोरातराई में यूथ युगल क्लब कबड्डी के खिलाड़ियों को श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू के प्रयास से जूता व किट वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष कुरुद श्री तपन चंद्राकर द्वारा खिलाड़ियों के भावनाओं को देखते हुए जूता व किट वितरण किया गया, इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी अपने प्रतिभा को दिखाने का प्रयास किया एवं खेल भावना से खेलते हैं7 खिलाड़ियों को उभारने एवं मनोबल बढ़ाने हेतु श्री तपन चंद्राकर के द्वारा पूरे कुरूद विधानसभा में एक अच्छी पहल किया जा रहा है इस अवसर पर महेंद्र साहू जनपद प्रतिनिधि कुरुद, प्रमोद साहू पार्षद प्रतिनिधि कूरुद, रविंद्र सेन राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष जोरातराई, खेल प्रेमी के द्वारा बहुत उत्साहित हुए जिसमें तपन चंद्राकर व श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद को धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें सतीश निर्मलकर ,लोमस साहू ,चंद्रशेखर निषाद ,हेमंत साहू ,भूपेंद्र निषाद ,भूपेंद्र साहू ,ताम्रध्वज साहू, विक्की पाल, घनश्याम साहू, जसवंत निषाद ,सोनू पाल आदि उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस में नेताओं का अकाल इसलिए लुटिया डुबोने वाले ही स्टार प्रचारक

**रायपुर 21 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि मरकाम अपनी डूबती नैया और देश भर में कांग्रेस के अस्तित्व पर आए संकट की चिंता करने की बजाय भाजपा के बारे में फिजूल की टीका टिप्पणी करने में वक्त बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस में नेताओं का अकाल है। इसलिए देश भर में पिटे पिटाये मोहरे स्टार प्रचारक के तौर पर पेश करना उसकी मजबूरी है। राहुल गांधी पूरे देश में कांग्रेस को हरवाते रहते हैं। उसके बाद भी स्टार प्रचारक हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस के उम्मीदवारों की जमानत जप्त करवाती है तो भी स्टार प्रचारक होती है। भूपेश बघेल जहां भी जाते हैं वहां कांग्रेस की लुटिया डुबा आते हैं। जबकि भाजपा के पास देश के सर्वाधिक मुख्यमंत्री हैं। ढेर सारे केंद्रीय मंत्री हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं। संगठन के अन्य प्रभावशाली नेता हैं। भाजपा के पास नेताओं की कमी नहीं है। हम कार्यकर्ता आधारित पार्टी हैं। कांग्रेस बैसाखियों के सहारे है। भाजपा में समय-समय पर सभी को जिम्मेदारी मिलती है। जबकि कांग्रेस में सब चले हुए कारतूस हैं जो अब किसी काम के नहीं हैं। ऐसे में मरकाम भाजपा के ऊपर बयान देने की बजाय अपने गिरेबान में झांक लें।

## राज्य स्तरीय समारोह में होंगे शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**रायपुर, 21 अप्रैल।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग एवं छत्तीसगढ़ बायोटेक्नालॉजी प्रमोशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार अक्षय तृतीया के अवसर पर दिनांक 22 अप्रैल, 2023 को ''अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस'' व्यापक रूप से मनाया जाएगा। इस दिन विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त महाविद्यालयों, अनुसंधान केन्द्रों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों में अक्ती तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में शनिवार प्रातः 10 अजे से आयोजित ''अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस'' के राज्य स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल हांगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे करेंगे।

# छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों के आयोजन से हमारी नई पीढ़ी अपनी परंपरा और प्रकृति से जुड़ेगी:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किया। ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों, संस्कृति एवं परम्परा को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से यह योजना मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की तर्ज पर शुरू की गई है। 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के सामुदायिक क्षेत्रों के 61 विकासखंड की 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। इस योजना की इकाई ग्राम पंचायत होगी। तीज-त्यौहार मनाने के लिए इस योजना में भी हर ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।





मुख्यमंत्री ने योजना के शुभारंभ के अवसर पर योजना की पहली किश्त के रूप में सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इसके साथ-साथ 'मुख्यमंत्री आदिवासी परव सम्मान निधि' के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के सरगुजा संभाग सहित अन्य अनुसूचित क्षेत्रों के शेष 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज प्रथम किश्त के रुप में 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि भी जारी की। इसके साथ ही यह योजना पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसा सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करते हुए बस्तर संभाग की 1840 ग्राम पंचायतों को योजना की पहली किश्त के रूप में 5-5 हजार रुपए के मान से अनुदान राशि जारी की थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वो पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। साथ ही इन पर्वों पर भव्य आयोजन भी किया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से हमारी नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से जुड़कर संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारे लोक पर्व और हमारी लोक संस्कृति प्रकृति से जुड़ी है। हमारे पुरखों ने अपने अनुभव के आधार पर तीज-त्योहारों को संजोया है। हमारे तीज-त्यौहार हरेली से शुरू होते हैं और फागुन में होली तक चलते हैं। सावन और भादों में ज्यादा त्यौहार मनाए जाते हैं, क्योंकि यही वह समय रहता है जब हमारे किसान और मजदूर खूब मेहनत करते हैं।

# मोहारा बस्ती में बिजली, पानी, सफाई कार्य का महापौर ने लिया जायजा



**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा आज जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह के साथ मोहारा बस्ती में बिजली, पानी सफाई कार्य का जायजा लेकर लोगों से रूबरू हो व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

महापौर श्रीमती देशमुख ने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र मोहारा बस्ती में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी सफाई का जायजा लेकर व्यवस्था के संबंध में बस्तीवालों से चर्चा कर व्यवस्था में सुधार करने निगम अमला को निर्देशित किये। उन्होंने सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के निर्देश देते हुये कहा कि नाली एवं सडकों की प्रतिदिन सफाई कर कचरा उठावे तथा मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते हुये दवा आदि का छिडकाव करे। इसी प्रकार बस्ती में जहॉ जहॉ लाईटे बंद है वहा सुधार करने निर्देशित किये।

महापौर श्रीमती देशमुख मोहारा बस्ती के कुछ क्षेत्रों में कम पानी आने की शिकायत पर नल आने के समय में जायजा लिया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि उपर चढ़ाव में कम पानी आता है और ढलान में पर्याप्त पानी आ रहा है, साथ ही कही कही पानी का प्रेशर कम है। इस पर महापौर श्रीमती देशमुख ने अमृत मिशन के अधिकारियों को उक्त समस्या का समाधान करने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि वाल्व लगाकर व्यवस्था दुरूस्त करे, जिससे मोहारा बस्ती के हर क्षेत्र में पर्याप्त पानी सप्लाई हो सके। इसके अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों जहॉ कम पानी आने तथा गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त हो, वहॉ तत्काल शिकायतों का निराकरण करे, ताकि ग्रीष्म ऋतु में शहर में पर्याप्त पेयजल सप्लाई हो सके। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद श्री अवधेष प्रजापति सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# महाराष्ट्र से पहुंचे शिवसेना के चुनावी रथ का राजनांदगांव में शानदार स्वागत

**मोहला 21 अप्रैल।** छग प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में शिवसेना ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में महाराष्ट्र से मंगाए गए स्पेशल चुनावी रथ को छग के सभी विधानसभा में भेजा जाएगा। यह चुनावी रथ शिवसेना के कार्यो से मतदाताओं को अवगत कराएगी। साथ ही लोगों से अपने पक्ष में मतदान के लिए अपील करेगी। महाराष्ट्र के शिंदे सरकार द्वारा भगवा झंडी दिखाकर रवाना की गई रथ नागपुर होते हुए गुरुवार दोपहर को राजनांदगांव पहुंची। शिवसेना पदाधिकारियों द्वारा महावीर चौक में रथ का भव्य स्वागत किया गया। रथ के साथ आए प्रदेश पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाई गई व उनका मुंह मीठा कराया गया। बता दें कि छग शिवसेना आगामी विधानसभा चुनाव में लगभग सभी विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। चुनाव में विजयी दिलाने के लिए महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने हर संभव सहयोग करने का



आश्वासन प्रदेश प्रमुख श्री परिहार को दिया है। इस क्रम में सर्वप्रथम छग शिवसेना को चुनावी रथ भेंट किया गया है। ताकि विधानसभा चुनाव से पहले सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया जा सके।शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रमुख के आदेशानुसार पुरे प्रदेश भर तोड़ो यात्रा का शुभारंभ मई माह मे किया जाना तय हुवी है जिसमे वर्तमान सरकार एंव पूर्व सरकार की नकामी का उजागर कर इनके कथनी और करनी पर अंतर को आम जनता के मध्य रखकर शिवसेना के पक्ष मे अपना मत डालने का आग्रह करेगी शिवसेना प्रदेश सचिव दिनेश ताम्रकार ने कहा प्रदेश का विभिन्न समस्या जैसा की पढ़े लिखें बेरोजगारो को जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है उनसे 70त्न सभी शासकीय अर्धशासकीय विभागो मे पदस्थ कराना, किसानों को अपने फ़सल का क़ीमत तय करना या फिर प्रति क्विंटल 3500 रूपये मे धान खरीदी करना प्रति एकड़ 20क्विंटल हो, हर तहसील, उपतहसील, जनपद पंचायत मुख्यालय पर किसानों के रुकने विश्राम गृह (किसान भवन) स्थापित करना, जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर तिड़ो यात्रा दंतेवाड़ा माँ दंतेश्वरी मंदिर पर पूजा करके प्रारम्भ किया जाएगा महाराष्ट्र मुंबई शिवसेना राष्ट्रीय कार्यालय से निकली चुनावी रथ छत्तीसगढ़ प्रवेश होने पर राजनांदगांव में भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान किसान सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दिनेश ताम्रकार, जिला अध्यक्ष कमल सोनी, एमएमसी जिला अध्यक्ष शोभाशंकर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिन्हा, जिला महासचिव बल्लू लोढ़ा, कर्णकांत श्रीवास्तव, विस अध्यक्ष आकाश सोनी, संजय यादव, नीलकंठ यादव और थरवेतन साहु सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तुलसीपुर मोती मस्जिद में रोजा इफतार में शामिल होकर महापौर ने मुस्लिम जमात को दी बधाई



**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** रमजान के महीने में रोजा इफतार के अवसर पर तुलसीपुर मोती मस्जिद में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख उपस्थित होकर रोजादारों को रोजा इफतार के लिये खाने पीने का समान भेट कर रोजा इफतार कराकर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख भी तुलसीपुर मोती मस्जिद में मुस्लिम जमात के साथ बैठकर रोजा इफतार किये। महापौर श्रीमती देशमुख ने रमजान की बधाई देते हुये कहा कि रमजान का पर्व एकता प्रेम और भाईचारा के साथ 30 दिनों के इबादत संयम सादगी और कुरान की आयतों को पढ़ अपने जीवन को बेहतर करने और सभी तरह के गुनाहों से और अपनी आदतों पर नियंत्रण करने व अल्लाह को याद करने का पर्व है उन्होंने पुनः रमजान पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही शांति नगर मस्जिद एवं कन्हारपुरी मस्जिद में भी महापौर श्रीमती देशमुख ने रोजादारों को रोजा इफतार के लिये खाने पीने का समान भेट कर रमजान पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर तुलसीपुर मोती मस्जिद के अध्यक्ष सय्यैद अहमद (गुड्डु), हाजी अताउल्लाह खान, हाजी मुनीर, जावेद खान, मो. इब्राहिम, इशाक खान, अब्दुल जाहिद, अनवर शरीफ, अब्दुल खान, अहफाज खान ने महापौर एवं पूर्व महापौर का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और तुलसीपुर मोती मस्जिद व मुस्लिम जमात की ओर से महापौर का तहेदिल से सुक्रिया अदा किया गया।

## बच्चों ने बच्चों को दिए सकोरे



**रायपुर 23 अप्रैल।** चरामेति फाउंडेशन ने कुशालपुर स्थित बंजारी नगर में सकोरो का वितरण किया। फाउंडेशन के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि बच्चों में पशु - पंछियों के प्रति प्रेम और दया की भावना जागृत हो इस उद्देश्य से छोटे बच्चे किअंश एवं पार्थ के हाथों से बंजारी नगर के बच्चों को सकोरे वितरित किए गए।श्रीया, आर्या, जाह्नवी, आद्या, खुशी, आराधिता, पीहू आदि बच्चों ने सकोरे मिलने के बाद रोज इसमें पानी भरकर रखने की बात भी कही।

# डॉ. राका शिवहरे को डायबिटीज इंडिया के रिसर्च ट्रस्ट की फेलोशिप मिली

**रायपुर, 21 अप्रैल।** डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। इसमें शरीर में इंसुलिन नहीं बनता या फिर इंसुलिन का सही तरीके से उपयोग नहीं होता। दुनिया भर में डायबिटीज से बचाव और इससे जुड़े शोध, नई तकनीकों और दवाइयों पर इंदौर में 3 दिवसीय अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस ÷डायबिटीजइंडिया 2023÷ का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर के मधुमीत डायबिटीज अस्पताल से डॉ. राका शिवहरे शामिल हुए7 इस आयोजन के दौरान डॉ. राका शिवहरे को डायबिटीज इंडिया के रिसर्च ट्रस्ट की फेलोशिप प्राप्त हुई है देश भर के उन चुनिन्दा चिकित्सकों, मधुमेह विशेषज्ञों और एंडोक्राईनोलॉजिस्ट्स को दिया जाता है जो मधुमेह से पीड़ित लोगों की देखभाल में सुधार करने के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। डॉ. राका शिवहरे ने इस सम्मान को अपने सीनियर्स को समर्पित किया और डायबिटीजइंडिया 2023 की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।





उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में मैंने अपने विषय टैटू एंड बोटॉक्स थेरेपी था पर देश भर से आये चिकित्सकों को यह बताने का प्रयास किया कि यदि मरीज की डायबिटीज नियंत्रण में है तो वह टैटू और बोटॉक्स करवा सकते हैं। इन दोनों से सम्बंधित सीरियस कॉन्ट्राइंडिकेशन सामने नहीं आये हैं।

डॉ. शिवहरे ने आगे कहा कि बोटॉक्स थेरेपी के कारण मसल हाइपोटोनिया होने की संभावना होती है, और इस थेरेपी की दवाइयां मसल के कॉन्ट्रेक्शन को पैरालाइज कर देती है। यह दवाइयां आसानी से मिल जाती है जिसकी वजह से भारत बोटॉक्स का सेंटर बन रहा है। परंतु इसमें कुछ इंफेक्शंस जैसे की एचआईवी, हेपेटाइटिस और कुछ ब्लड बोर्न इंफेक्शंस फैलने की संभावना हो जाती है। जिसके कारण स्किन इन्फेक्शन होने की संभावना भी बढ़ जाती है। मेरा यह मानना है कि इन सभी सेंटर पर गाइडलाइन होनी चाहिए और टैटू और बोटॉक्स के पहले कुछ टेस्ट्स करवाने चाहिए जिससे मरीज लाइफलॉन्ग कॉम्प्लिकेशंस से बच सके। डायबिटीजइंडिया 2023÷ के बारे में डॉ. शिवहरे ने कहा कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य दुनिया भर में मधुमेह रोगियों को उच्च स्तरीय देखभाल उपलब्ध कराने के लिए ज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और प्रसारित करने के लिए आविष्कारशील, व्यवहार्य और कार्यान्वयन योग्य तरीकों का विचार, विश्लेषण को साझा करना था। डॉ. शिवहरे ने आगे कहा मैं डायबिटीजइंडिया 2023 का शुक्रगुज़ार हूँ, कि उन्होंने मुझे विशेषज्ञ के रूप में बोलने का मौका दिया।

## आटो चालक ने ईमानदारी की मिसाल पेश की, पुलिस ने महिला को लौटाया उसका थैला

**राजनांदगावं 21 अप्रैल।** 20 अप्रैल को लाखे नगर



रायपुर निवासी महिला शोभा हठवानी ,इंदिरा नगर बसन्तपुर अपनी बहन के यह आई थी जो थाने आकर बैग गुमने की सूचना दी महिला ने बताया कि वह अपना बैग ऑटो में भूल गई है जिसमें नकदी, गहने व मोबाइल है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये महिला के मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो रहा था। जिसके बाद पुलिस द्वारा विभिन्न चौक चौराहों में लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी तब कही जाकर ऑटो की पहचान हुई। जिसके बाद ऑटो चालक का फ़ोन नम्बर प्राप्त कर पुलिस द्वारा फोन लगाकर ऑटो में बैग भूल जाने की सूचना चालक को दी गई। जिस पर ऑटो चालक भागवत राम देशमुख ने बैग थाना में लाकर जमा किया। पुलिस की तत्परता एवम ऑटो वाले की ईमानदारी के चलते प्रार्थीया को उसके खोये हुए 19875/- रुपये, 1 नग चांदी का पायल एक नग मोबाइल एवं बैग में कपड़ा बैग सहित आज दिनांक 21/4 /23 को प्रार्थिया के सुपुर्द किया गया। जिन्होने राजनांदगांव कोतवाली पुलिस को साधुवाद करते हुये खुशी जाहिर किये।

## क्षेत्र में हो रही है अवैध शराब की बिक्री, पुलिस प्रशासन मौन

**अंवरी 21 अप्रैल।** पुलिस विभाग की मिलीभगत से खुलेआम एजेंटो के माध्यम से अवैध शराब बेची जा रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अंवरी, भैसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, भखारा क्षेत्र के गाँव में स्थानीय लाइसेंसी शराब ठेकेदार व पुलिस विभाग के संरक्षण में लंबे समय से गांव में शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। कुछ लोग बेझिझक खुलेआम गांव में अंग्रेजी एवं देशी शराब बेच रहे है।जिसके कारण गांव में आए दिन लड़ाई झगड़े हो रहे है।वहीं विशेष तौर पर पुरुषों की शराबखोरी की लत के कारण महिलाएं परेशान हो रही हैं।गृह कलह से जूझ रही है।वही अपनी जेबें गरम करने के लिए विभाग को यह सब भली-भांति ज्ञात रहता है कि इलाके में कौन सा अवैध काम किया जा रहा है।लेकिन वह उन बदमाशों पर कार्रवाही करने की बजाय पुलिस विभाग को उनसे अपना हिस्सा मांगती है और बदले में उनसे अपनी दोस्ती-यारी निभाती है।जिससे इन अपराधियों को शह मिल रही है और इनका कारोबार फल-फूल रहा है। पुलिस विभाग की टीम शराब दुकान एवं एजेंटो के यहां छापा मारने से पहले ही उन लोगों कों जानकारी दे देते जिससे एजेंट रखे हुए अवैध शराब के स्टॉक कों मौके से हटा देते हैं।इन सब बातो से लगता है की पुलिस विभाग को ठेकेदार द्वारा हर माह मोटी रकम से नवाजा जाता है।तभी तो अधिकारी द्वारा इन पर आज तक कार्रवाई नहीं की जाती है। अगर सही तरीके से छापे मार करवाई की जाए तो अवैध शराब बिक्री करने वाले पर अंकुश लगाया जा सकता है।



# सुधर्म धार्मिक शिक्षण शिविर 28 अप्रैल से महावीर भवन नयापारा में

**रायपुर 21 अप्रैल।** श्री सुधर्म जैन संस्कृति रक्षक संघ के तत्वावधान में सुधर्म परिवार रायपुर व्दारा धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन 28 अप्रेल से 7 मई तक श्री महावीर भवन, नयापारा में किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष पन्नालाल श्रीश्रीमाल, सचिव उत्तम गोलछा, नवयुवक मंडल के संरक्षक अजय जैन व अध्यक्ष सतीश टाटिया, सचिव प्रवीण मालू, महिला मंडल अध्यक्षा प्रभा मालू एवं सचिव मृदुला गोलछा ने बच्चों, युवाओं, महिलाओं सभी से निवेदन किया है कि शिविर का





अधिकाधिक लाभ लेकर अपने जीवन में सद्गुणों एवं संस्कारों का विकास करें। विगत 40 वर्षो से निरंतर जारी श्री सुधर्म परिवार-रायपुर व्दारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन पूज्य पिताश्री स्व. श्री जसराजजी एवं मातुश्री स्व. श्रीमति प्रेमबाई गोलछा की स्मृति में अजय वैभव कुमार गोलछा व परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। इस शिविर में न्यूनतम 5 वर्ष के बच्चों से लेकर 100 वर्ष तक के पुरूष-महिला भाग ले सकते है। शिविर में अध्यापन हेतु बाहर व शहर के सहयोगी अपनी सेवाएं देंगे। उत जानकारी देते हुए शिविर के लाभार्थी अजय गोलछा ने बताया कि शिविर का समय नवयुवकों हेतु प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक, बच्चों की लास प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक एवं महिलाओं की लास दोपहर 2.00 बजे से 4 बजे तक रहेगी। शिविर में पधारने की कृपा करें व अपना नाम लिखाने हेतु अजय गोलछा (9425204050), रतनचंद गोलछा (9406236300), सतीश टाटिया (7694011275), प्रभा देवी मालू (9424227700) पर अपना नाम लिखवाने की कृपा करें।

## जनता के हक के पैसों की हो रही है लूटः अमित चिमनानी

**रायपुर 21 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जनता के हक के पैसों की लूट हो रही है। केवल पिछले वर्ष राज्य की कांग्रेस सरकार ने वैट और स्टेट जी एस टी से लगभग 18 हजार करोड़ की कमाई की है यह पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा है। केवल साढ़े चार वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने राज्य को लगभग 2 लाख करोड रुपए दिए हैं तो आखिर यह पैसा गया कहां? अमित चिमनानी ने कहा राज्य की खुद की कमाई 20 प्रतिशत बढ़ी ,केंद्र की मोदी सरकार ने पांच गुना पैसा दिया लेकिन पैसा जनता तक नही पहुंचा, न राज्य ने अपने कर से पेट्रोल डीजल पर कोई राहत दी,न गरीबों का मकान बना, न गरीबों के घर में नल लगा, न गरीबों को केंद्र का भेजा चावल मिला, न संपत्ति कर माफ हुआ, न बेरोजगारी भत्ता मिला ,न नियमितीकरण हुआ न कांग्रेस के किए वादे अनुसार जनता को 20 लाख का मुफ्त इलाज मिला ,न 200 फूड प्रोसेसिंग फैक्ट्री लगी,न सड़के बनी,न पुल बने ,न स्टेडियम ,न ऑडिटोरियम बने,आखिरी पैसा गया कहां किसने इन पैसों की लूट की प्रदेश की जनता ये सवाल पूछ रही है।

# उर्दू अकादमी ने किया रोज़ा इफ्तार व सम्मान समारोह का आयोजन

**रायपुर 21 आप्रेल।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा रोजा इफ्तार एवं शायरो, अदीबो, मरहूम शायरों की बेवाओं का सम्मान व किताब के मजमूआ तथा विमोचन का कार्याक्रम सामुदायिक भवन रजबंधा मैदान में आज शाम आयोजन किया गया।





इस कार्याक्रम के दौरान हजारो की संख्या में रोजादारों ने रोजा खोल कर भाईचारा की मिसाल कायम किया। इस अवसर पर कई मंत्री, विधायक व वरिष्ठ नेता मौजूद थे। यह रमजान महीना साल में मोमिनो के बीच एक मरतबा आता है जिस में बंदे अपने रोजों और इबदतो के जरिए रब को राजी कर लेने की कोशिश करते हैं और जिससे रब राजी हो गया उसकी दुनिया और आखिरत संवर जाती है।

यह कार्यक्रम उर्दू अदब को फरोग व तरक्की के लिए अकदामात उठाए जा रहा हैं। जिस के द्वारा कौम को उर्दू के मैदान में अपना मकाम बनाने का मौका दिया जाएगा।

इस कार्याक्रम में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के चेयरमेन इदरीस गांधी ने बताया कि रोजा इफ्तार जैसे कार्याक्रम मेलजोल व भाईचारे की भावना को मजबूत करती है और उन्होंने कहा रोजा सब्र करना सिखाता है।

इस अवसर पर विषेश अतिथि के रूप में उपस्तिथ वरिष्ठ विधायक व पुर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, मीडिया सलाहकार रूचिर गर्ग, खादी ग्राम उद्योग अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सभापति प्रमोद दुबे, हज कमेटी के अध्यक्ष असलम खान, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, सलाम रिजवी, संजय पाठक, अरूण भद्र, इकबाल अहमद रिजवी, रियाज खान, शकीलुद्दीन, हमीद एडवकेट, उर्दू अकादमी के उपाध्यक्ष डां. नजीर अहमद कुरैशी, उर्दू अकादमी के सदस्य रिजवान खान, सादिक बैलिम, हाजरून बानो, इस्माइल खान, शब्बीर खान, एजाज खोखर, नज़ीर अहमद अली सिद्दीकी, गुलाबुद्दीन खान, अब्दुल शाहिद कुरैशी, रौनक जमाल, अशरफ खान और उर्दू अकादमी के सचिव एम आर खान ने आभार व्यक्त किया।

संपादकीय

## विपक्ष का जाति जनगणना का दांव

विपक्ष के पास कई ऐसे मुद्दे हैं, जिसे वह लोकसभा चुनाव में उठा सकता है। विपक्ष के पास भ्रष्टाचार,महंगाई,बेरोजगारी जैसे मुद्दे तो हैं ही, इसके अलावा उसके पास जाति जनगणना का मुद्दा भी है। विपक्ष के पास मुद्दों की कमी नहीं है। लेकिन वह किसी एक मुद्दे पर जैसा एकजुट दिखना चाहिए, वैसा एकजुट दिखता नहीं देता है। कांग्रेस ने जोर शोर से अडानी का मुद्दा उठाया तो विपक्ष के शरद पवार,ममता बैनर्जी जैसे नेताओं ने कांग्रेस के अलग बात कही। कांग्रेस को जोर जेपीसी की माग पर था तो शरद पवार व ममदा का जोर सुप्रीम कार्ट की समिर्मिति की जांच पर था। जाति जनगणना भी ऐसा ही मुद्दा है। शुरू में जब इस मुद्दे को नीतीश कुमार ने उठाया तो ज्यादातर दलों ने इसे नहीं उठाया। बाद में अखिलेश यादव ने यूपी में जाति गणना की मांग की। अब जाक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया है तथा कहा है कि जिसकी जिसीक हिस्सेदारी ,उतनी उसकी भागीदारी होनी चाहिए। कांग्रेस की राजनीति में यह बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इस मुद्दे को उठाकर कांग्रेस विपक्ष के साथ तो खड़ा दिखने का प्रायस कर रही है, इससे यह तो साफ होता है कि विपक्ष के मुद्दे के साथ कांग्रेस है। जो विपक्ष का मुद्दा है वही कांग्रेस का मुद्दा है। इससे पहले तक जो कांग्रेस का मुद्दा होता था, कांग्रेस चाहती थी कि वही विपक्ष का मुद्दा होना चाहिए। पहले कांग्रेस चाहती थी कि विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में चले, जिधर कांग्रेस जा रही है, उसी तरफ विपक्ष को भी जाना चाहिए। अब कांग्रेस ने थोड़ा लचीलापन दिखाया है। कम से कम जाति जनगणना के मामले में तो ऐसा लग रहा है। सवाल उठना स्वाभाविक है कि विपक्ष जाति जनगणना पर इतना जोर क्यों दे रहा है, कांग्रेस तो मनमोहन सिंह के समय तक जाति जनगणना के खिलाफ थी, वह इसके पक्ष मे ंक्यों खड़ी हो रही है। कांग्रेस आजादी के बाद से जाति जनगणना के खिलाफ रही है। उसके समय में 2011 में जनगणना में जाति की जनगणना भी कराई थी लेकिन उसके आंक़्डों को देखकर उसने उसे प्रकाशित न करने का फैसला किया था, मोदी सरकार भी उसी तरह जाति जनगणना के आंकड़ो ंका सामने लाने को तैयार नहीं है। यहां यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कांग्रेस जो अब तक जाति जनगणना के खिलाफ थी,वह पक्ष में खड़ा क्यों दिख रही है तो इसकी वजह यह है कि वह भी विपक्ष की तरह सोचती है कि दलित व ओबीसी को भाजपा से अलग कर दिया जाए तो पीएम मोदी व भाजपा को हराया जा सकता है। महज मोदी व भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस वह करने को भी तैयार है जिसका वह अब तक जोर शोर से विरोध करती रही है। सामाजिक न्यया को लेकर विपक्ष भी उसी तरह सोच रहा है जैसा वीपी सिंह सोचते थे। वह सोचते थे मंडल कमीशन लागू कर देते से लोगों को सामाजिक न्याय मिलेगा। ऐसा कहां हुआ है। सामाजिक न्याय का लाभ तो कुछ जातियों को मिला। पिछड़े तो आज भी वंचित है। कौन नहीं जानता है कि मंडल कमीशन के नाम पर तीन नेताओं को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। वह यूपी व बिहार की राजनीति में मुख्य दल हो गए। इसका दुष्परिणाम उन्हें अब भुगतना पड़ रहा है। लालू व मुलायम की परिवारवादी राजनीति से औबीस का मोहभंग हो गया है। दलित व औबीसी भाजपा के साथ हैं। इससे बिहार व यूपी में भाजपा मजबूत हुई है। यूपी में तो वह चार चुनाव से अपराजेय हैं। विपक्ष के नेता सोचते हैं कि जाति जनगणना की मांग करेंगे तथा सरकार उसे स्वीकार नहीं करेगी तो ओबीसी व दलित विपक्ष के साथ आ जाएगा तथा उसका फायदा उसे 2024 के चुनाव में मिलेगा। विपक्ष की कोशिश मंडल राजनीति की वापसी की है। वीपी सिंह जिस तरह मंडल का राजनीति कर फेल हुए थे. उसी तरह विपक्ष भी फेल हो सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कार्यालय में आपके अनुकूल वातावरण बनेगा। व्यस्तता बनी रहेगी। ऑफिस में सफलता मिलेगी। मित्र मण्डली का सहयोग होगा। रोग की अवस्था में भी आपका चलना फिरना काफी ज्यादा हो गया है, इस पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी को समय, त्यागभाव और सहयोग अवश्य दें। सकारात्मक सोचें सकारात्मक बनें। आराम करें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। मान सम्मान में बढोतरी होगी। सांयकाल से लेकर रात्रिपर्यन्त सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के आने से खर्च बढ़ेगा। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज का दिन काफी रचनात्मक है। आज आपके स्वास्थ्य सुख पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। धर्म के प्रति रूचि बढेगी। कोई समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। झगड़े और विवाद से बचें। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज का दिन पुत्र-पुत्री या कार्यक्षेत्र की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। रिश्तेदारी में आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज शाम तक कोई खास डील फाइनल होने की सम्भावना है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है। शाम तक कोई रुका हुआ काम बनने की संभावना है। रात्रि का समय आमोद-प्रमोद में बीतेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ सकता है। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन मंगलकारी रहेगा। आज प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। मूल्यवान वस्तुओं को सम्भाल कर रखें। संतान की शिक्षा या किसी सांयकाल में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात्रि में मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपका दिन बेहतर रहेगा।समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व शुभ समाचार मिलेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा।भौतिक विकास का योग अच्छा है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ और नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका दिन अनूकूल रहेगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च होने का संयोगा है और यश-कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

# युगकालीन गुरुओं के भी गुरु रहे हैं परशुराम

**परशुराम प्रकटोत्सव 22अप्रैल**

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**



सबसे बड़े धनुर्धर और शस्त्र विद्या के ज्ञाता भगवान परशुराम श्री विष्णु के छठवें अवतार माने जाते हैं । उनकी शस्त्र - विद्या और शिष्यों की प्रवीणता के अनेक किस्से रामायण और महाभारत काल में हमारे समक्ष आते हैं । धरती पर अधर्म को समाप्त करने के साथ ही धर्म की स्थापना के लिए भगवान परशुराम ने निरंकुश एवं अत्याचारी राजा सहस्त्रबाहु की भुजाओं को अपने फरसे से काट डाला था । एक हजार भुजाओं सहित शक्तिपुंज को अकेले के दम पर छिन्न-भिन्न कर देना अपने आप में वह प्रमाण था कि भगवान परशुराम दिव्य - शक्ति से परिपूर्ण थे । दो- दो युग के सर्वाधिक बलशाली परशुराम जी के क्रोध के वर्णन भी शास्त्रों में उल्लेखित हैं । भगवान परशुराम की अधर्म को समाप्त करने की प्रतिज्ञा तब तक निर्बाध रूप से जारी रही जब तक उन्होंने सहस्त्रार्जुन के एक - एक सहयोगी को इस धरती से नहीं मिटा दिया । पुराणों में बताया गया है कि आततायी क्षत्रियों का इस धरती से 21 बार वध कर उन्होंने अपने रक्त रंजित फरसे को पूर्वांचल की नदी में धोया और फिर संतुष्ट होकर महेंद्र पर्वत पर तपस्या करने चले गए । महाभारत जैसे ग्रंथ में उसके रचयिता वेदव्यास जी ने परशुराम जी के कार्यों को इस तरह वर्णित किया है

भुयस्च जामदग्नोंश्रयम प्रादुर्भावो महात्मन ।
यत्र बाहुसहस्त्रेण विस्मितम दूर्जये रणे ।
रामोअर्जुनमणिकस्यम जघान नृपतिम प्रभूः।।

अर्थात भगवान विष्णु का परशुराम के रूप में अवतार हुआ । उन्होंने सेना की रक्षा में खड़े उस राजा अर्जुन का वध किया , जो अपने सहस्त्र भुजाओं के कारण घमंड में चूर था । उस राजा को परशुराम जी ने पहले धरती पर गिराया फिर उसकी छाती पर चढ़कर अपने फरसे से उसकी सभी भुजाओं को काट डाला ।

भगवान परशुराम द्वारा क्षत्रियों के संहार को लेकर लोकमानस में अनेक भ्रांतियां हैं वास्तविकता यह है कि उक्त कथानक में कहा गया है - कीर्णा क्षत्रियकोटीभिः मेरुदंडभूषणः । अर्थात परशुराम जी ने मेरु मंदर क्षेत्र को अलंकृत करने वाले क्षत्रियों का 21 बार संहार कर धरती को उनसे निः शेष कर दिया । यह कथानक संपूर्ण धरती से संबंधित नहीं है । मेरु मंदर क्षेत्र से हैहय क्षत्रिय वंश को शून्य कर देने के बाद परशुराम जी ने प्रायश्चित स्वरूप अश्वमेध यज्ञ किया और उस पूरे क्षेत्र को कश्यप ऋषि को दान कर दिया । परशुराम जी के पास रथ , घोड़े , हाथी और जितनी भी स्वर्ण से niit संपत्ति थी उन्हें भी दान कर वे महेंद्र पर्वत पर चले गए । शास्त्रों में वर्णित है- -

तस्मीन यज्ञे महादाने दक्षिणाम भृगुनंदन ।
मारीचापम ददौ प्रीत कश्ययाम वसंधराम ।।

यह हम सभी जानते हैं कि परशुराम जी का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था । क्षत्रियों से मेरु मंदर क्षेत्र को खाली कराने के बाद ना तो उन्होंने कोई संपत्ति अपने लिए रखी और ना ही अपने परिजनों को दी । शास्त्रों में वर्णित कथानक के आधार पर कहा जा सकता है कि वे पद - प्रतिष्ठा , सुख - वैभव और भौतिक महत्वाकांक्षाओं से कोसों दूर रहने वाले एक सच्चे और तपस्वी ब्राह्मण थे । भगवान परशुराम जी के संबंध में यह तथ्य सदैव अपने ह्रदय में रखना चाहिए कि जिस काल में भगवान परशुराम जी की कीर्ति दिग- दिगंत थी तब तक भगवान श्री रामचंद्र जी का आविर्भाव नहीं हुआ था । जब वे प्रायश्चित स्वरूप यज्ञ कर सारी धरती कश्यप ऋषि को दान कर महेंद्र पर्वत पर तपस्या करने चले गए , उसके बाद ही मर्यादा पुरुषोत्तम का जन्म हुआ । भगवान परशुराम जी के विषय में यह रोचक तथ्य भी हमारे समक्ष आता है कि विष्णु जी के दशावतारों में परशुराम जी ही ऐसे अवतार रहे हैं जो , आगामी अवतार के हो जाने पर भी स- शरीर जीवित रहते हैं । भगवान परशुराम जी और मर्यादा पुरुषोत्तम इसके अपवाद कहे जा सकते हैं । जहां पुराने और नए अवतारों का संगम दिखाई पड़ता है । सीता स्वयंवर के समय जब शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा कर मर्यादा पुरुषोत्तम ने उसे तोड़ दिया तब हमें परशुराम जी का क्रोध दिखाई पड़ता है । जब धनुष तोड़ा गया तब परशुराम जी महेंद्र पर्वत पर शांत चित्त के साथ तपस्या लीन थे । शिव धनुष भंग का आभास होते ही वह दौड़ पड़ते हैं । उनकी भगवान श्री राम के साथ टक्कर होती है । वाल्मीकि रामायण के प्रसंग के अनुसार परशुराम जी भगवान राम से कहते हैं- -

इमे द्वे धनुषी श्रेष्ठे दिव्ये लोकाभिपुजितेम ।
दृढ़े बलवती मुख्ये सुकृते विश्वकर्मण ।।
अनुसृष्टम सुरैरेकम त्रयंबकाय युयुत्सवे ।
त्रिपुरहणम नरश्रेष्ठ भगनम काकुस्थ्य यत्व्या ।।

अर्थात हे ! रघुनंदन विश्वकर्मा जी द्वारा निर्मित अत्यंत दृढ़ और शक्ति संपन्न दो धनुष ही सबसे श्रेष्ठ हैं । सारा संसार उनके सामने नतमस्तक है । उन्हीं में से एक को देवताओं ने त्रिपुरासुर का विनाश करने के लिए भगवान शंकर को दे दिया था । यह वही धनुष था जिसे तुमने तोड़ डाला ! उसी दिव्य धनुषों में दूसरा मेरे हाथ में है , जो देवताओं ने भगवान विष्णु को दिया ।

सीता स्वयंवर के बीच क्रोधाग्नि सहित पहुंचे भगवान परशुराम यह देखना चाहते थे कि जिसने शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा कर उसे भंग किया है , क्या वह दूसरे धनुष को भी साध सकता है ? वह रामचंद्र जी की परीक्षा लेने के उद्देश्य से उन्हें ललकारते हैं और अपना दिव्य ÷ वैष्णव धनुष ÷ उन्हें देते हुए प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते हैं । जब मर्यादा पुरुषोत्तम बड़ी ही सहजता के साथ ÷ वैष्णव धनुष ÷ की प्रत्यंचा चढ़ा देते हैं , तब परशुराम जी उनके समक्ष नतमस्तक हो जाते हैं । वे शांत चित्त और सहज भाव से अपनी पराजय स्वीकार कर रामचंद्र जी को भगवान विष्णु का साक्षात अवतार मानकर पुनः अपनी तपस्थली महेंद्र पर्वत की ओर लौट जाते हैं । परशुराम जी ही ऐसे धनुर्धर थे जिन्होंने भीष्म पितामह , गुरु द्रोणाचार्य सहित अंगराज कर्ण को इस विद्या में पारंगत किया । वे केवल ब्राह्मणों को धनुर्विद्या सिखाया करते थे । अंगराज कर्ण को इस विद्या में निपूर्ण करने के बाद जब उन्हें ज्ञात हुआ कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं वरन क्षत्रिय है और धोखे से यह विद्या उसके द्वारा ग्रहण की गई है , तब उनकी क्रोधाग्नि भड़क उठती है और वे कर्ण को श्राप दे डालते हैं । उन्होंने कर्ण के झूठ बोलने को महापाप मानने के साथ ही गुरुद्रोह भी माना । उन्होंने कर्ण को शापित करते हुए कहा कि जब तुम्हें इन विद्याओं की सबसे ज्यादा जरूरत होगी , तब तुम उसे भूल जाओगे । महाभारत के युद्ध में कर्ण की मृत्यु का कारण भी यही श्राप बना।

# दलबदलुओं के लिये विचारधारा नहीं 'राजनीतिक कैरियर' महत्वपूर्ण

**राजनीति**

**तनवीर जाफ़री**



कर्नाटक में राज्य विधानसभा हेतु 10 मई को चुनाव होने निर्धारित हैं। पूरे राज्य में एक ही चरण में होने वाले चुनाव की मतगणना 13 मई को होनी तय है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण से फ़िलहाल यही पता चल रहा है कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को सत्ता में वापसी के लिये कड़ी मशक़्क़त करनी पड़ रही है। दूसरी तरफ़ कांग्रेस के पक्ष में भी सकारात्मक माहौल बनता दिखाई दे रहा है। भाजपा के विरुद्ध जहाँ सत्ता विरोधी रुझान है वहीं राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कर्नाटक के बड़े क्षेत्र से होकर गुज़रना,तथा राहुल गांधी की संसद से बर्ख़ास्तगी के बाद राज्य में उनके प्रति पैदा हुई सहानुभूति कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने में कारगर साबित हो रही है। राज्य में होने वाले इस संभावित सत्ता परिवर्तन को राज्य के कई 'मंझे' हुये नेता भी बख़ूबी समझ रहे हैं। और उनकी यही 'दूरदर्शिता' उन्हें किसी न किसी परिस्थितिवश चुनाव पूर्व ही 'दल बदल ' करने के लिये 'मजबूर ' कर रही है। प्राप्त ख़बरों के अनुसार राज्य के आठ प्रमुख भाजपा नेताओं के अतिरिक्त तमाम 'छुटभैय्ये ' भाजपाई भी कांग्रेस पार्टी का दामन थाम चुके हैं। जबकि कुछ जे डी एस में भी शामिल हुये हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व उप मुख्यमंत्री से लेकर कई विधायक और विधान परिषद सदस्य तक शामिल है। इसी सूची में सबसे महत्वपूर्ण नाम राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री भाजपा एवं लिंगायत समुदाय के प्रभावशाली नेता जगदीश शेट्टार और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का है। कर्नाटक की राजनीति में लिंगायत समुदाय सत्ता का खेल बनाने बिगाड़ने में अत्यंत प्रभावी माना जाता है। बताया जा रहा है कि शेट्टार अपनी पारंपरिक सीट हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में सातवीं बार चुनाव लड़ना चाह रहे थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें टिकट देने से मना कर दिया था। प्राप्त ख़बरों के अनुसार शेट्टार को हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी न बनाने के बदले में उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री और उनके परिवार के किसी अन्य सदस्य को विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश पार्टी की ओर से की गयी थी जो उन्होंने स्वीकार नहीं किया। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने आनन फ़ानन में जगदीश शेट्टार को पार्टी में शामिल कर उन्हें हुबली-धारवाड़ विधानसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। लिंगायत समुदाय के कर्नाटक में 18 फ़ीसद मतदाता हैं और वो प्रायः भाजपा के समर्थक माने जाते रहे हैं। भाजपा छोड़ने के बाद जगदीश शेट्टार अकेले 20 से लेकर 25 लिंगायत प्रभाव वाली सीटों पर भाजपा को नुक़सान व कांग्रेस को फ़ायदा पहुंचा सकते हैं। इनके अतिरिक्त भाजपा छोड़ने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व विधायक



डीपी नारीबोल, मंत्री एस अंगारा और बीएस येदियुरप्पा के क़रीबी डॉक्टर विश्वनाथ के साथ वर्तमान विधायक एमपी कुमारस्वामी,विधायक रामप्पा लमानी, विधायक गुली हटी शेखर, तथा वर्तमान एमएलसी ( विधान पार्षद ) शंकर शामिल हैं। दल बदल करने वाले अधिकांश भाजपा नेताओं का एक ही दुखड़ा है कि पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया। टिकट न मिलने के कारण पार्टी छोड़ने वाला एक नाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कर्नाटक विधानसभा के पूर्व स्पीकर कागोडु थिम्मप्पा की बेटी डॉ. राजनंदिनी का भी है। गत दिनों यह कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और पार्टी के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गयीं । बीजेपी में शामिल होने बाद डॉ. राजनंदिनी ने अपनी 'व्यथा' बयान करते हुये कहा भी कि -'मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस) मुझे पहचानेगी और मुझे टिकट देगी , लेकिन मुझे मौक़ा नहीं मिला जबकि बीजेपी में गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया गया। मैं पार्टी के लिए काम करूंगी। मैं वर्कर हूं और कहीं भी काम कर सकती हूं'। पूरी संभावना है कि डॉ. राजनंदिनी थिम्मप्पा भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगी। केवल कर्नाटक ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के चुनाव में भी यहाँ तक कि लोकसभा चुनावों के समय भी अपना अपना 'राजनैतिक कैरियर' बचाने या बनाने के नाम पर दल बदल का खेल चलना एक आम बात बन चुकी है। यह दल बदल पार्टी के टिकट मिलने या न मिलने से शुरू होकर मंत्री यहाँ तक कि मुख्यमंत्री बनने बनाने तक जारी रहता है। मध्य प्रदेश की तरह कई राज्य इस बात के भी उदाहरण पेश कर चुके हैं कि किस तरह सत्ता के इसी घिनौने खेल में राज्य की जनता द्वारा दिये गये सत्ता विरोधी जनमत का इन्हीं अवसरवादी व अपने स्वार्थपूर्ण राजनैतिक कैरियर को राजनैतिक विचारधारा से भी ऊपर मानने वालों द्वारा मज़ाक़ उड़ाया गया। आज भले ही कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में बड़ी संख्या में भाजपाई नेताओं को पार्टी में शामिल कराकर आगामी चुनाव में अपनी बढ़त की संभावनाओं का एहसास कर रही हो परन्तु जो नेता केवल भाजपा का टिकट न मिलने के कारण कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं वह कांग्रेस की विचारधारा के वाहक आख़िर कैसे हो सकते हैं ? अभी पिछले दिनों हिजाब के विरोध से लेकर और भी कई तरह के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास भाजपा द्वारा कर्नाटक में इन्हीं वर्तमान विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र किये गये थे। उस समय तो यही भाजपा छोड़ने वाले लोग भाजपा की नीतियों का समर्थन कर रहे थे ?

कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य परस्पर धुर विरोधी वैचारिक पार्टियां, इनके द्वारा अवसरवादिता के कारण ख़ास कर अपने राजनैतिक कैरियर को 'संवारने ' की ग़रज़ से दल बदल करने वाले लोगों को अपने अपने दलों में शामिल कराने का साफ़ अर्थ है कि पार्टियां स्वयं भी मात्र सत्ता प्राप्त करने के लिये ऐसे 'थाली के बैंगनों ' का सहारा लेना पसंद करती हैं जिनके लिये विचारधारा नहीं बल्कि उनका 'राजनैतिक कैरियर अधिक महत्वपूर्ण' है। और जिनकी कोई राजनैतिक विचारधारा ही न हो केवल उनका 'राजनैतिक कैरियर' ही उनके लिये सबसे महत्वपूर्ण हो वे वैचारिक रूप से किसी भी पार्टी के वफ़ादार तो हरगिज़ नहीं हो सकते। राजनैतिक दल जो कि दरअसल प्रायः अवसरवादियों का ही एक समूह कहा जा सकता है यह भले ही अपना लाभ देखकर दलबदलुओं को टिकट,मंत्री पद यहां तक कि मुख्यमंत्री पद देकर अपने को मज़बूत और अपने विरोधी दलों को कमज़ोर करने का अस्थायी खेल खेलते रहते हों परन्तु जनता को ऐसे दलबदलुओं को तो ज़रूर सबक़ सिखान चहिये जिनके लिये विचारधारा नहीं बल्कि उनका स्वार्थपूर्ण राजनैतिक कैरियर ही सबसे महत्वपूर्ण है।

# ओ जाने वाले..

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

इस दुनिया में चार कंधे मिलना अरबों-खरबों की संपत्ति कमाने से भी मुश्किल है। वह अकेला आया था। अकेला चला गया। पता नहीं वह चार दिनों की दुनिया में कैसे जी पाया। न बंग्ला न गाडी न मोटर न चाकर। भला ऐसे भी कोई जीता है? इतनी जिल्लत भरी जिंदगी से अच्छा पैदा होते ही क्यों न मर गया। जब तक सांस थी तब तक वह दर-दर की ठोकरें खाता था। आज निश्वास है। दर-दर की ठोकरें उसकी चौखट पर खड़ी पड़ी हैं। मानो पूछ रही हैं कि आज क्यों नहीं आया हमारे पास? खून के रिश्ते चौखट तक और मोह के बंधन श्मशान तक आते-आते शून्य हो जाते हैं।

वे चारों बचपन से एक ही स्कूल में पढ़ते थे। बड़ी गहरी दोस्ती थी। आज उनमें से एक चला गया। अब वे तीन ही बचे हैं। पहला दोस्त मृत मित्र से अक्सर कहता - जिंदगी का मतलब मौज-मस्ती ऐश करना है। वीकेंड पर गर्लफ्रेंड के साथ पब में जाना थोड़ा-बहुत पीना। मल्टीप्लेक्स में एक अच्छी सी मूवी देखना और घोड़े बेचकर सो जाना। तुम हो कि ये सब करते ही नहीं। इतने पढ़े-लिखे होकर खेती करते तुम्हें शर्म नहीं आती।

दूसरे मित्र ने कहा - मैंने भी उसे लाख समझाया। अपने साथ विदेश आने तक का ऑफर दिया। वह मुस्कुराकर कहता - मैं जिस मिट्टी में जन्मा हूँ उसी मिट्टी में कुछ कर के मरना चाहता हूँ। खाक इस मिट्टी में रखा ही क्या है? इसमें कुछ होता तो मैं विदेश क्यों जाता? वह और उसकी घटिया सोच ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। आज मेरे पास दुनिया के ऐशो-आराम है। उसके पास अतिम क्रिया करने के पैसे तक नहीं है। ऐसी जिंदगी पर मुझे थूकने का मन तक नहीं करता है। तीसरे मित्र ने कहा - मुझे बताते हुए अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन वह मेरे पास अक्सर आता और कुछ रुपए उधार मांगता। मालूम करने पर पता चला कि वह इन रुपए-पैसों को अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, पाठशालाओं और जरूरतमंदों में उड़ा देता है। मुझे उसकी बेवकूफी पर बड़ा गुस्सा आया। उसे इतनी भी अक्ल नहीं कि रुपए-पैसे अपने लिए होते हैं, न कि बेफिजूल लोगों पर उड़ाने के लिए। हो न हो यह भीड़ अपना उधार वसूल करने के लिए ही आयी है। वरना इतनी सामान्य सी मौत पर इतने लोग क्यों आते? उन मित्रों के पास खड़ा एक बुजुर्ग-सा ब्याज व्यापारी उनकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उससे रहा नहीं गया। वह पास आकर उनसे कहने लगा - मरना एक सच्चाई है। और मरने वाले के लिए चार कंधों की जरूरत पड़ती है। उसका बदन उठाने के लिए नहीं। उसका भार, उसका सम्मान उठाने के लिए। जो अपने पीछे छोड़ गया है। इंसान जीते जी जो कुछ सुनता है, जो कुछ सहता है, जो कुछ पाता है, जो कुछ खोता है, वह सब कुछ बेकार है। आखिरी सफर में इन चार कंधों की बोली बातें और उनके पीछे चलने वाले लोग जो कहते हैं वही अंतिम सत्य है। मैं तुम लोगों की बातें बड़ी देर से सुन रहा था। मुझे शर्म आती है कि तुम उसके दोस्त हो। मैं ब्याज पर रुपए उधार देता हूँ। बिना गारंटी के मैं अपने बाप तक को एक रुपया नहीं देता। लेकिन मैंने तुम्हारे मित्र को अब तक कई लाख रुपए दिए। इसलिए नहीं कि वह मुझे लौटाएगा। इसलिए कि वह सारे पैसे जरूरतमंदों में खर्च कर देगा। आज जो यह भीड़ देख रहे हो इसमें तुम धर्म, जात-पात, लिंग, आयु का भेदभाव नहीं कर सकते। जिन चार कंधों पर वह जा रहा है, पता है वे कौन हैं? वे हैं - मानवता, प्रेम, सहायता और कर्तव्यपरायणता।

**सेहत**

## बच्चों के हेल्थ को सीधे इफेक्ट करते हैं हेल्थ ड्रिंक्स, सेहत को नुकसान पहुंचाती हैं इनमें मिलीं ये 4 चीजें

आजकल मार्केट में कई ऐसे प्रोडक्ट्स आ गए हैं, जिन्हें बच्चे बड़े ही चाव से खाते हैं. बच्चे आसानी से दूध पी लें, इसके लिए पैरेंट्स उनके मिल्क को टेस्टी बनाने के लिए उसमें हेल्थ ड्रिंक या पाउडर मिला देते हैं. जो उनकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है. आजकल तो हेल्थ और एनर्जी ड्रिंक का ट्रेंड ही चल पड़ा है. जिसके सेवन से डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं को दूर करने का दावा भी किया जाता है. लेकिन बच्चों की सेहत पर इसका निगेटिव असर हो सकता है. हेल्थ ड्रिंक्स में मिली कुछ चीजें सीधे बच्चों की हेल्थ को इफेक्ट करती हैं. आइए जानते हैं..

**शुगर**-बच्चों के लिए मार्केट में कई तरह के एनर्जी ड्रिंक्स आजकल आ गए हैं. जिन्हें पीने के बाद बच्चों के एक्टिव होने का दावा किया जाता है. बच्चे इसे पीने के बाद एक्टिव भी हो जाते हैं लेकिन उनमें बीमारियां भी हो सकती हैं. इन हेल्थ ड्रिंक में शुगर अच्छी खासी मात्रा में पाई जाती है. इससे मोटापा, दांतों में सड़न, नींद की कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. एनर्जी ड्रिंक का शुगर टेस्ट तो बढ़ा देता है लेकिन कई स्टडी बताती हैं कि इससे बच्चों की सीखने-समझने और याद रखने की क्षमता पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है.

**सोडियम**-मार्केट में उपलब्ध कई हेल्थ ड्रिंक्स और हेल्दी फूड्स में सोडियम भरपूर मात्रा में मिलती है. खासकर पैकेज्ड फूड में तो सोडियम की मात्रा अच्छी खासी होती है. इनके सेवन से बच्चों में मोटापा, तनाव और हाई बीपी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, 8 से 17 साल की उम्र के बच्चों में सोडियम ज्यादा होने से हाई बीपी का खतरा रहता है, उन्हें हार्ट डिजीज भी हो सकती हैं.

**कैफीन**-कैफीन भी बच्चों की सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है. एनर्जी या हेल्थ ड्रिंक्स में कैफीन भरपूर पाया जाता है. इससे हाई ब्लड प्रेशर और नींद ना आने की समस्या हो सकती है. इससे मूड स्विंग और तनाव जैसी समस्याएं भी होने का खतरा रहता है. कैफीन वाले ड्रिंक्स से बच्चों में सिरदर्द भी हो सकता है.

**हाई फ्रक्टोज कॉर्न सीरप**-कई हेल्थ ड्रिंक में हाई फ्रक्टोज कॉर्न सीरप होता है. जिसके सेवन से हेल्थ से जुड़ी समस्याएं होने लगती है. कार्बोहाइड्रेट फूड जैसे चावल खाने से बॉडी को ग्लूकोज मिलता है, जो सेल्स की मदद से पूरे शरीर में आसानी से फैल जाती है. हालांकि, जब हाई फ्रक्टोज कॉर्न सीरप बच्चे यूज करते हैं तो यह फ्यूल बनकर एनर्जी बनने से पहले ही फैट बन जाता है और लीवर में जमा होने लगता है.

### लू के थपेड़ों से खुद को इस तरह बचाएं

गर्मी का पारा हाई हो गया है. चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से हर किसी का हाल बेहाल है. ऐसे में हीट स्ट्रोक बीमारी भी सामने आ रही है. कई राज्यों में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है. जब शरीर ज्यादा हीट हो जाता है और ठंडा नहीं हो पाता, तब यह जानलेवा हो सकता है. ऐसे में इमरजेंसी इलाज की जरूरत होती है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, ज्यादा देर तक हाई टेंपरेचर वाली जगह में रहने से हीट स्ट्रोक का रिस्क रहता है. ह्यूमिडिटी और डिहाइड्रेशन से भी हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है.

**हीट स्ट्रोक आने की वजह**-उम्र हीट स्ट्रोक की बड़ी वजह हो सकती है. छोटे बच्चे और बुजुर्ग काफी सेंसेटिव होते हैं. किसी तरह की मेडिकल कंडीशन जैसे- हार्ट डिजीज, मोटापा, डायबिटीज या ज्यादा शराब का सेवन, गर्मी में भारी कपड़े पहनना या कुछ दवाईयों की वजह से शरीर का तापमान रेगुलेट नहीं हो पाता है और हीट स्ट्रोक का खतरा हो सकता है.

*शरीर को डीहाइड्रेट रखें. *शरीर को ठंडा रखने के लिए पंखे-कूलर या एसी का इस्तेमाल करें.हीट स्ट्रोक होने पर क्या करें*पेशेंट को तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाएं*इमरजेंसी मेडिकल की मदद के लिए कॉल करें. *शरीर से भारी कपड़ों को तत्काल हटा दें. *उसे ठंडी हवा देने की कोशिश करें. *मरीज की त्वचा पर ठंडा पानी लगाएं.

## एक नजर

### भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए छत्तीसगढ़ के युवाओं में दिखा उत्साह

**कांकेर 21 अप्रैल** । भारतीय सेना का हिस्सा बनकर देश की सेवा करने के लिए बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के युवा अग्निवीर की परीक्षा में 19 अप्रैल को सम्मिलित हुए। भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए छत्तीसगढ़ के युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। रायपुर परीक्षा केंद्र में निर्धारित समय पर युवाओं की भीड़ नजर आई, छत्तीसगढ़ के तीनों परीक्षा केंद रायपुर, भिलाई और बिलासपुर की तीनों शिफ्ट में 01 हजार 573 युवाओं ने आनलाइन परीक्षा में सम्मिलित हुए। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए रायपुर परीक्षा केंद्र के अलावा भिलाई और बिलासपुर में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अग्निवीर जीडी पद के लिए 21 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित की जाएगी और महिला अग्निवीर, धर्मगुरु, बी फार्मेसी जैसे दूसरे अन्य पदों के लिए 24 से 26 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### जिले में बेरोजगारी भत्ता के लिए अब तक 2973 लोगों ने कराया पंजीयन

**कांकेर 21 अप्रैल** । ऑनलाइन बेरोजगारी भत्ता पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 2973 बेरोजगारों ने पंजीयन कराए हैं, सत्यापन के पश्चात 1270 लोगों को बेरोजगारी भत्ता के लिए स्वीकृति दी गई है। विकासखण्ड अंतागढ़ में अब तक 98 बेरोजगारी भत्ता पंजीयन में से 49 लोगों का स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में 345 में 219, चारामा में 861 में 308, दुर्गुकोंदल में 137 में 93, कांकेर में 483 में 225, कोयलीबेड़ा में 216 में 73 और नरहरपुर में 613 बेरोजगारी पंजीयन में से 202 लोगों को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार नगरपालिका कांकेर में 62 पंजीयन में 23, नगर पंचायत चारामा 54 में 26, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के 25 में 18, नगर पंचायत पखांजूर से 35 में 15, नगर पंचायत अंतागढ़ से 14 मैं 04 और नगर पंचायत नरहरपुर से 30 पंजीयन में से 15 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता के लिए स्वीकृति दी गई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा बेरोजगारों को प्रतिमाह 25 सौ रूपये बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए बेरोजगारी भत्ता पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन मंगाया गया है तथा आवेदन का सत्यापन पश्चात पात्र बेरोजगारों को प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा।

### सौर सुजला योजना कृषक रामकुमार कश्यप के लिए बनी आय का जरिया

**कांकेर 21 अप्रैल**। जिले में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा प्राप्त सोलर पम्पों से सिंचाई आसान हुई है। जिले के सैकड़ों किसान अपने खेतों में सौर ऊर्जा से सोलर पंप लगाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। इन सुदूर वनांचल क्षेत्रों में सोलर पंप स्थापित होने से कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। किसानों को सशक्त बनाने में सौर सुजला योजना वरदान साबित हो रहा है। सोलर पंप स्थापित होने से मक्का, सब्जी सहित अन्य फसल का लाभ किसान ले रहे हैं, जिससे इनकी आमदनी के स्त्रोत में वृद्धि हुई है एवं जिले के सिंचित क्षेत्रों में भी वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत राज्य सरकार कृषकों को रियायती दर पर सिंचाई पंप प्रदान कर कृषि और छत्तीसगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत बनाना चाहती है। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मुसुरपुट्टा के कृषक रामकुमार कश्यप ने भी सौर सुजला योजना से अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं।

# सुकमा नगर पालिका के जेलवाड़ी स्थित गोबर पेंट यूनिट का लोकार्पण मंत्री कवासी लखमा ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 21 अप्रैल**। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में चलने वाली कांग्रेस सरकार के नये नये योजनाओं ने एक बार और बोलती बंद कर दी है । तो वहीं आर्थिक सशक्तिकरण रोजगार के सृजन के रास्तों से लेकर निचले स्तर तक के लोगों के लिए एक इतिहास तो बना ही दिया है ।विपक्ष भूपेश बघेल व कांग्रेस सरकार के मुंह पर गोबर पोतने की लाख कौशिश कर लें,किंतु भूपेश के धमाल व ग्रामीण स्तरों के बहनों का कमाल से दिवारे बोल उठेंगी । सरकारी भवनों की पुताई ही नहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गोबर अब मजाक उठाने वालों के लिए एक बैक्टीरिया के रूप काम करते हुए दीवारों के अब कान ठीक कर देगा ।छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री कवासी लखमा ने बीते दिन सुकमा नगर पालिका परिषद के जेलवाड़ी स्थित गौठान में गोबर पेंट यूनिट का लोकार्पण कर इन शब्दों को शब्दार्थ दे दिया । श्री लखमा ने इस दौरान कहा कि पहले घरों में लीपने का काम गोबर से ही होता था। गोबर से लीपे हुए घर बहुत साफ सुथरे होते है । और बैक्टीरिया आदि से बचे रहते थे। अब आधुनिक टेक्नालाजी से बने हुए गोबर पेंट आ गये हैं जो काफी सस्ते हैं और देर तक टिकते भी हैं । उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों को पुताई करने के निर्देश मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दिये हैं। सुकमा के गौठान में इसका काम चल रहा है । मंत्री लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री मंशानुरूप गोबर पेंट से सरकारी बिल्डिंग में पोताई कार्य कराया जा रहा है । साथ ही सीमार्ट में इसका विक्रय करेंगे । गोबर यूनिट से समूह की महिलाएं रोजगार का सृजन के साथ ही आर्थिक रुप से सशक्त हो रही है। गौठान में तारणी स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर पेंट यूनिट का संचालन कर रही है। यहां सबसे पहली खेप में 22 सौ लीटर गोबर पेंट का उत्पादन हुआ ।

इस दौरान उनके साथ सुकमा जिला कलेक्टर हरिस.एस व युवा नेता जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, सुकमा नगर पालिका के अध्यक्ष राजू साहू,योग आयोग के सदस्य राजेश नारा, उर्दू अकादमी के सदस्य मुनवर अली सुकमा पालिका उपाध्यक्ष आयशा हुसैन रम्मू राठी सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता विभागीय अधिकारी मौजूद थे ।

## प्रशिक्षण केंद्र बोरगांव में नव आरक्षक दीक्षांत परेड की सलामी सुंदरराज ने ली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फरसगांव,21 अप्रैल**। सेनानी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र बोरगांव में 22 वां सत्र नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण का दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन 20 अप्रैल गुरुवार को मुख्यअतिथि सुंदरराज पी पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर की उपस्थिति संपन्न में किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निशान टोली द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को साहस और समर्पण की शपथ दिलाया गया साथ ही परेड धीरे एवं तेज चाल से प्लाटूनो के कॉलम में मुख्य अतिथि के मंच से गुजरते हुए सलामी दी गई।

कोंडागांव जिले के अंतर्गत एक मात्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र बोरगांव में बस्तर जिले के नव आरक्षकों को अनुशासन, मानव अधिकारों की रक्षा, युद्ध कौशल, फील्ड क्राफ्ट, एवं विभिन्न प्रकार के हथियारों का चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सुंदरराज पी पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज के साथ राणा युद्धवीर सिंह डीआईजी आईटीबीपी कोंडागांव, शंकरलाल बघेल सेनानी सिटीजेडब्लू कांकेर, राकेश कुमार कमांडेड आईटीबीपी कोंडागांव, भावेश चौधरी कमांडेड सीआरपीएफ 188 बीएन,जितेंद्र शुक्ला सेनानी प्रभारी पीटीएस बोरगाव, बस्तर फाइटर जवानों के परिजन सहित पीटीएस बोरगांव के अधिकारी पुलिस के जवान और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

### वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें:कलेक्टर

**राजनांदगांव 21 अप्रैल** । कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देश पर सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए हमर परिवार हेलमेट परिवार वाट्स एप ग्रुप बनाया गया है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने जिले वासियों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें और इसे अपनी आदत में शामिल करें। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है और सड़क दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षित रहने के लिए हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने हेलमेट लगाने के लिए सभी को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री डोमन सिंह की पहल पर हमर परिवार हेलमेट परिवार वाट्स एप ग्रुप में सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोड़ा गया है।

# मांडाभर्री बना जिले का पांचवा हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम



**कांकेर 21 अप्रैल** । नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मांडाभर्री में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल प्रदान किया जा रहा है। ग्राम मांडाभर्री में हर घर जल प्रमाणीकरण जल सभा मनाया गया, जिसमें ग्राम सरपंच को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रामसभा अध्यक्ष श्री राम नेताम भी उपस्थिति थे। जिला नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता नरहरपुर नवीन कुमार साहू द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते योजना को सुचारू रूप से चलाने कहा। ग्राम सभा में सरपंच एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री चंद्रभान मंडावी जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाइप लाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बाहिनी, पंप ऑपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन के लिए प्रेरित किया। आईएसए के जिला समन्वयक सुश्री निशा वामन द्वारा जल जीवन मिशन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया। जिला समन्वयक सुश्री ज्योति शांडिल्य द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देते जल बहिनियों को जल गुणवत्ता की जानकारी देते ग्राम के जल स्त्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना सिखाया व अशुद्ध जल से होने हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों के बारे में बताया। मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार द्वारा ग्राम मांडाभर्री में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त कार्यो को पूर्ण किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षमता विकास एवं ट्रेनिंग जिला समन्वयक कुमार सिंह तोप्पा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएट शिवा रेड्डी, जिला समन्वयक आईईसी छत्रपाल साहू, अर्शिल शिक्षण संस्था के प्रतिनिधि चंद्रकांत यादव, डामेश दास, पंचायत के पंचगण तथा जल बहिनी, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### अतिथि शिक्षकों और छात्रावास अधीक्षक के लिए 12 मई तक आवेदन

**जगदलपुर, 21 अप्रैल**। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के संचालन हेतु गठित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर के अन्तर्गत जिला बस्तर में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु अस्थाई रूप से मानदेय पर अध्यापन कार्य हेतु अतिथि शिक्षकों (फेस अभ्यर्थी, सेवानिवृत्त शिक्षकों) तथा छात्रावास अधीक्षक (निश्चित मानदेय) की व्यवस्था हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित 12 मई 2023 तक किया गया।

## समाचार संक्षेप

### एएनएम को हेल्थ किट का किया वितरण



**सुकमा 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन-प्रशासन लगातार हर संभव प्रयास कर रही है। जिलेवासियों के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु उनके गांवों या नजदीकी ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज एएनएम को यूनिसेफ के पायलेट प्रोजेक्ट के तहत कलेक्टर श्री हरिस.एस ने हेल्थ कीट का वितरण किया। हेल्थ कीट देने का उद्देश्य अंदरूनी क्षेत्र में कार्यरत एएनएम को स्वास्थ्य शिविर के लिए आवश्यक दवाईयां, टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं के जांच के सभी सामान उपलब्ध कराना है। जिसका एएनएम कीट में रखे चिकित्सा संबंधित सामाग्रियों का स्वास्थ्य संबंधित जांच एवं इलाज के लिए उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर श्री अक्षय तिवारी यूनिसेफ राज्य सलाहकार एवं चाइल्ड हेल्थ सलाकार अधिकारी सहित एएनएम एवं अन्य चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवों ने रैली निकाल कर विधायक निवास में ज्ञापन सौंपे



**सुकमा 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। प्रांतीय आव्हान पर पंचायत सचिव अपनी एकसूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर काम बंद कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हैं,इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान आज जिले के सुकमा, छिंदगढ़ और कोंटा ब्लाक के समस्त सचिवों के द्वारा जिला मुख्यालय में धरना स्थल से रैली निकाल कर विधायक निवास में समय 2.50 बजे उद्योग आबकारी एवं वाणिज्य कर मंत्री और क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा जी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष गिरीश कश्यप ने कहा कि पंचायत सचिवों के हड़ताल में जाने से ग्राम स्तर के सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीण भी दर दर भटकने को मजबूर हैं, सचिवों के हड़ताल को बैठे एक माह से अधिक हो गया है अब तक शासन स्तर से सकारात्मक पहल नहीं होने से सचिवों में काफी रोष व्याप्त है।ज्ञात हो की राज्य के पक्ष और विपक्ष के 65 विधायकगणों का शासकीयकरण करने हेतु अनुशंसा पत्र लिखा गया था।जिसमें वर्तमान राज्य सरकार के मंत्री ,संसदीय सचिव,नेता प्रतिपक्ष समर्थन प्राप्त था।उसके बावजूद सरकार हमारी मांग पर गंभीर नहीं है आज पुनः शासकीय करण हेतु समस्त विधायकों को मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन दिया गया है।

### मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना का वर्चुअली शुभारंभ




**सुकमा 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय से राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' और मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना का वर्चुअली शुभारंभ किया। यह योजना मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की तर्ज पर की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किए थे। इन योजनाओं का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पारंपरिक तीज त्यौहारों, मड़ई मेलों को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ी को छत्तीसगढ़ी संस्कृति से अवगत कराने और इन परंपराओं को जीवंत बनाए रखना है। इन योजनाओं के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों को दो किस्तों में कुल 10 हजार रूपए जारी किए जाएगें। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी-तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। लोक-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ही देवगुड़ियों और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है।

### प्रदेश के विभिन्न जिलों के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के 45 सदस्यों के दल ने किया जिले का शैक्षणिक भ्रमण

**धमतरी, 21 अप्रैल** । राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत कृत्रिम गर्भाधान की उन्नत तकनीक विषय पर राजधानी रायपुर में आयोजित मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रदेश के विभिन्न जिलों के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के 45 सदस्यों का दल 19 अप्रैल को धमतरी जिले के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचा। इस अवसर पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं धमतरी डॉ. एम.एस.बघेल ने दल के सदस्यों का मार्गदर्शन किया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. टी.आर. वर्मा ने धमतरी जिले में चल रहे विभिन्न विभागीय गतिविधियों एवं विधाओं के संबंध में दल को अवगत कराया।धमतरी जिले में पशु औषधालय सेमरा विकासखण्ड कुरुद क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिलतरा के गौठान में चरवाहों की सहायता से बरदी में ही कृत्रिम गर्भाधान के सफल क्रियान्वयन का सजीव चित्रण एवं ग्राम के पशुपालकों द्वारा उनके घर में किये जा रहे पैरा-यूरिया उपचार का अवलोकन किया गया। ग्राम सेमरा में नेपियर एवं अजोला का अवलोकन किया गया। दल को ग्राम सिलिडीह में स्थित श्रीराम गौशाला में विभाग के सहयोग से किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कराया गया, वहीं तरल नत्रजन पात्र एवं वीर्य स्ट्रा के रखरखाव, वीर्य स्ट्रा का स्थानांतरण एवं वितरण प्रणाली के साथ थाईंग की विधी की जानकारी दी गई। गौशाला में डॉक्टर वर्मा ने गर्भ परीक्षण के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही झनकहा ऑपरेशन के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया।

### राजपूत समाज का दो विदसीय वार्षिक महाधिवेशन 22 एवं 23 को

**रायपुर, 21 अप्रैल**। राजपूत क्षत्रिय महासभा का 59 वाँ वार्षिक महाधिवेशन 22 एवं 23 अप्रैल को स्थान राजीव लोचन मंदिर के पास में आयोजित है। राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति रायपुर दक्षिण के केंद्रीय पदाधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 22 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन महासभा की ओर से अधिवेशन स्थल में समाज को फिजूलखर्जी से बचाने आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है तथा समाज के देवी सरस्वती नर्सिम होम क्लिनिक की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन अधिवेशन स्थल में किया गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने आहवान करने महासभा के अध्यक्ष बजरंग बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ठाकुर, अश्विनी राजपूत, नीरज सिंह क्षत्रिय, विष्णु सिंह बघेल, कमलेश राजपूत, प्रवेश सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, घनश्याम सिंह, श्रीमती वंदना राजपूत, श्रीमती छाया ठाकुर, प्रशांत सिंह, विकास सिंह, राजेश सिंह श्रवण सिंह, पियूष सिंह आदि पदाधिकारियों ने किया है।

### कार्यशाला में दी फोर्टीफाइड चावल की जानकारी

**रायपुर, 21 अप्रैल**। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ द्वारा विश्व खाद्य कार्यक्रम की सहकार्यता से चावल चावल मिलर्स के साथ-साथ पंडरी रायपुर के फोर्टिफाइड कर्नेल निर्माताओं को अवगत कराने के लिए एफआरके और फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता आश्वासन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजेश कुमार महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ क्षेत्र द्वारा एफआरके चावल मिलर्स, राज्य सरकार आदि के निर्माताओं सहित सभी हितधारकों को एफआरके लक्ष्यों और उद्देश्यों पर संबोधित करते हुए किया गया । फोर्टिफाइंग राइस (आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को जोड़कर) समाज के वंचित समूहों को सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। इस योजना का समग्र उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों में रिपोर्ट की गई एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों का को दूर करना है।

### प्रोसाफ्ट प्रीमियर लीग 22 से

**रायपुर, 21 अप्रैल**। छत्तीसगढ़ कुलश्रेष्ठ सभा के तत्वावधान में स्व. श्रीमती सरोज बाला कुलश्रेष्ठ की स्मृति में प्रोसाफ्ट प्रीमियर लीग का द्वितीय संस्करण 22 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। जिसका समापन 13 मई को होगा। सभी मैच रेलवे कालोनी के डब्लूआरएस ग्राउण्ड में दूधिया रोशनी में खेले जायेंगे ।22 दिन चलने वाली इस रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत 12 फ्रेंचाईजी टीम के साथ 220 खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 73 मैच खेले जाने है जो कि 66 लीग मैच नॉकआउट और 3 प्रदर्शनी मैच रूप में ।

# सीएम ने राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना का किया शुभारंभ



**कांकेर 21 अप्रैल**। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किया। ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों, संस्कृति एवं परम्परा को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से यह योजना मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की तर्ज पर शुरू की गई है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के सामुदायिक क्षेत्रों के 61 विकासखंड की 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। इस योजना की इकाई ग्राम पंचायत होगी। तीज-त्यौहार मनाने के लिए इस योजना में भी हर ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। योजना के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना की पहली किश्त के रूप में सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इसके साथ-साथ 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि' के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के सरगुजा संभाग सहित अन्य अनुसूचित क्षेत्रों के शेष 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज प्रथम किश्त के रुप में 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि भी जारी की। इसके साथ ही यह योजना पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसा सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करते हुए बस्तर संभाग की 1840 ग्राम पंचायतों को योजना की पहली किश्त के रूप में 5-5 हजार रुपए के मान से अनुदान राशि जारी की थी।मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वो पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। साथ ही इन पर्वों पर भव्य आयोजन भी किया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से हमारी नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से जुड़कर संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम तीज त्यौहारों का संरक्षण और संवर्धन करेंगे तो प्रकृति से भी जुड़ेंगे। आज हमारे सामने जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोक परब सम्मान निधि के अंतर्गत हालांकि 10 हजार रूपए की राशि दी जा रही है, यह कोई बड़ी राशि नहीं है लेकिन पंचायतों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी तीज त्यौहारों का आयोजन होने से लोग अपनी परंपरा से, हमारी नई पीढ़ी अपनी परंपरा और प्रकृति से जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षो से छत्तीसगढ़ के तीज-त्यौहारों को मनाने की केवल रस्म अदायगी होती थी। लोग इन त्यौहारों से विलग होते जा रहे थे। यही कारण है कि राज्य सरकार ने तीज-त्यौहारों के संरक्षण के लिए इनका आयोजन प्रारंभ किया है। वर्चुअल कार्यक्रम में कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित जनप्रतिधिगण एवं अधिकारी शामिल हुए।

### अक्ती भोजली उत्सव ग्राम जंगलेसर में 22 को

**राजनांदगांव**। ग्राम जंगलेसर मे जय मां काली सेवा भजन मंडली एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम जंगलेशर के तत्वाधान में अक्ति भोजली उत्सव का आयोजन भोजली विसर्जन का कार्यक्रम 22 अप्रैल दिन शनिवार को रखा गया है। कार्यक्रम के तहत 12 अप्रैल को भोजली स्थापना 16 अप्रैल पंचमी 21 अप्रैल हवन पूजन 22 अप्रैल को भोजली विसर्जन कार्यक्रम शीतला मंदिर प्रांगण ग्राम जंगलेशर में रखा गया है। इस कार्यक्रम में जय मां भानेश्वरी सेवा भजन मंडली मंदिर चौक जंगलेसर, किसान क्लब सेवा भजन मंडली कैलाश नगर जंगलेशर, जय मां अंबे सेवा भजन मंडली नदिया पारा जंगलेसर होंगे।

एक नजर

## आवारा कुत्तों के हमले से हिरण की मौत, पानी की तलाश में भटकते आया था गांव की तरफ



**राजिम/फिंगेश्वर,21 अप्रैल।** गर्मी का मौसम आते ही मनुष्यों के साथ साथ जिव जंतुओं की जीविका में भी बदलाव देखने को मिलते है, पानी की तलाश में जानवर जंगल छोड़ शहरों की ओर भ्रमण करने पर मजबूर हो जाते है, और दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपने प्राण गवा देते है, वहीं आवारा कुत्तों के हमले से एक हिरण की मौत का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है कि फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के सरगी नाला में एक हिरण पानी की तलाश में जंगल से निकलकर सड़क की ओर आ गया था, जहाँ आवारा कुत्तों ने हिरण को अपना शिकार बना लिया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा की जोबी एवं चपले मंडल की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई



**खरसिया,21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी गजेंद्र राठौर ने जोबी मंडल एवं चपले मंडल के बैठक में सम्मिलित हुए जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार गबेल, जोबी मंडल प्रभारी जयप्रकाश डनसेना, अध्यक्ष दिनेश पटेल, वहीं चपले मंडल के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, महामंत्री खेमसाहू, जिला कार्यसमिति सदस्य दिनेश पटेल, अध्यक्ष लकेश्वर चौहान,महामंत्री सुकलाल डनसेना, विष्णु महाराज, योगेश साहू,संजय नायक,उपाध्यक्ष किशन डनसेना, भीष्म राज पटेल,केशर चंद्र साहू,सुनील चौहान, मंत्री राकेश गबेल, मीडिया प्रभारी देवनंदन पटेल,मोहन राठिया, बोधराम लहरें, गजानंद चौहान,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता के उपस्थित रहे।

# सांकरा पुलिया नही बनने से राहगीरो की बढ़ी मुश्किले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पाण्डुका, 21 अप्रैल।** ये बरसात का पानी नहीं पर यहां 12 महीने भरा रहता है । ये हाल है सांकरा और ,तौरेंगा ग्राम के बीच में बने जतमई मार्ग के एक पुलिया का जिसमें 12 माह इस तरह का पानी भरा रहता है । गिरते पड़ते राहगीरों को बहुत परेशानी होती है। खासकर मोटरसाइकिल सवार लोग इसमें धोखा खा जाते हैं क्योंकि घुटने तक भरे पानी और बीच में टूटे हुए सीसी रोड जो मैट मैले पानी में दिखाई नही पड़ते और बड़े बड़े गड्ढे लोगों को समझ नहीं आता और गिर पड़ते है।बता दें कि पांडुका से लेकर मुडागांव तक सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है जिसमें बीते लगभग 4 सालो में पांडुका से सांकरा और कमार पारा पीपर छेड़ी से मुडागाव तक ही हो पाया है ।और उसमे भी कुछ कुछ जगह।आधे अधूरे है ।तथा लगभग 4 सालों से यह काम कछुआ गति से चल रहा है ।आने जाने राहगीर इस कछुआ गति से चल रहे इस कार्य को देख देख कर बोर हो चुके हैं ।जिससे आने जाने वाले को परेशानी का सबब बना हुआ है क्योंकि जतमई मंदिर मार्ग बहुत ही जर्जर हो गया जगह जगह सड़क टूट गया है।और गिट्टी बाहर निकल गया है । नया सड़क बनने के चक्कर में इसका रेपरिंग भी नही हो रहा जिससे राहगीर गिर पड़ रहे है और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं । सड़क बनने से पुलिया भी जल्दी बन जायेगा ऐसा सोचे थे लोग की सुविधा मिल जाएगी पर ऐसा हु वा नही । ठेका का काम रायपुर एक कंपनी को।मिला है जो



छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री व कैबिनेट मंत्री का भाई बताया जाता है। साथ ही जहा सड़क बन गया है ।वहा कुछ किसानों के खेतों में जगह-जगह मुरूम बह कर पड़ा है जो किसानों के लिए सिरदर्द बना हुआ है जिससे किसानों का नुकसान हो ही रहा है हर साल मुरूम अपने खेत से हटाते हटाते थक चुके इस प्रकार ये पुलिया परेशानी का सबब बना हुआ है ।निर्माण एजेंसी चाहते तो यहां दो,तीन ट्रिप मुरूम डालकर इसे ठीक कर सकता था या फिर इस पुलिया को जल्द ही बना कर । पर यहा वैकल्पिक व्यवस्था भी बनाने में निर्माण एजेंसी पूरी तरह फेल साबित हुई । जिस कारण आने जाने वाले राहगीरों को खासा परेशानी हो रहा है।खासकर वे लोग जो हर रोज

## ग्राम पोड में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण,ग्राम पंचायत मौन क्यों

**राजिम/पाण्डुका ।** जिला प्रशासन द्वारा सरकारी जमीन को सरकारी कार्यालय बनाने के लिए भवन हेतु संरक्षित किया जा रहा है ,लेकिन पंचायत स्तर पर देखा जा रहा है कि सरकारी जमीन को भु माफिया लोग कब्जा कर उसमें आलीशान मकान और ब्यवसाय के लिए कॉम्प्लेक्स और दुकान निकाल रहे है ।ऐसा ही मामला पाण्डुका अंचल के ग्राम पंचायत पोड का है ।जो मुख्य मार्ग में देखने को मिला जहां सरकारी जमीन में कब्जा कर मकान और कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है ।ज्ञात हो कि छूरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पोड में रायपुर देवभोग मार्ग नेशनल हाइवे 130 सी में खसरा नम्बर 1191 में सड़क से लगा हुआ जमीन जो वर्ष 2009 के पूर्व कोटवारी जमीन था ,जिसे प्रशासन के द्वारा अपने अधिपत्य में ले लिया गया ।लेकिन उसी जमीन में शंकर लाल साहू पिता अर्जुन साहू निवासी पोड के द्वारा अपना बताते हुए उस जमीन के मकान य कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है ।इस बात की जानकारी राजस्व विभाग को होते ही इसे कार्य बन्द कराने कहा गया ,लेकिन उसके द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा ।बता दे की इस ग्राम पंचायत में कुछ एक ऐसे लोग भी हैं ।जो अपने हक की लगानी जमीन के लिए सालो तक लड़ाई लड़े और न्यायालय में जीत हो जाने पर भी न ग्राम पंचायत और ना ही जिला प्रशासन उस किसान को उनका हक दिला पाया ।इसी बीच इस



अतिक्रमण की जानकारी मीडिया तक पहुची और मीडिया के द्वारा जानकारी लिया गया तब हल्का पटवारी के द्वारा बताया गया कि उस अतिक्रमण के कार्य को बन्द कराने कहा गया है ,वही उसी ग्राम में ऐसी पचास से ज्यादा और अतिक्रमण कारी है उन्हें भी नोटिश दिया जा रहा है ।जबकि उक्त 1191 खसरा में किये जा रहे अतिक्रमण कारी का और भी अन्य जगह में स्वयं का मकान और दुकान निर्मीत है ,फिर भी सरकारी जमीन को कब्जा किया जा रहा है ।इसकी शिकायत ग्रामीणो के द्वारा गरियाबंद कलेक्टर से भी किया गया ,जिसमे जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन कलेक्टर द्वारा दिया गया ।इस विषय मे ग्राम पंचायत सरपंच दयाबति कवर से पूछें जाने पर उन्होंने कहा कि उक्त अतिक्रमण कर्ता ब्यक्ति गरीब आदमी है जो अतिक्रमण कर रहा है वो सही है।

# छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि 2023 योजना का वर्चुअल शुभारम्भ किया। इसका लाभ प्रदेश के 61 विकासखण्डों के 06 हजार 111 ग्राम पंचायतों को मिलेगा। वहीं जिले के सभी 551 ग्राम पंचायतों में योजना लागू होगी। ज्ञात है कि प्रदेश के सांस्कृतिक पर्वों एवं परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को 10-10 हजार रुपए की राशि दो किस्तों में प्रदाय की जाएगी। वर्चुअल शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इसकी शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के पारम्परिक त्योहारों व पर्वों और सांस्कृतिक विरासतों को सहेजने की बात कही, साथ ही योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

दोपहर 12 बजे से आयोजित वर्चुअल शुभारम्भ कार्यक्रम में कलेक्टर



निलेशकुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के गैर-अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षित करने और इन त्यौहारों, उत्सवों का मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन किया जाना है। सामुदायिक क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय उत्सवों, त्यौहारों, मेला-मड़ई का विशेष महत्व रहता है। ऐसे सभी उत्सवों, त्यौहारों, सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध करायी जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10-10 हजार रूपए दिए जाएंगे। योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति का गठन किया जाएगा। इसमें सरपंच (अध्यक्ष), पुजारी, बैगा सदस्य, ग्राम के 02 बुजुर्ग सदस्य, ग्राम की दो महिला सदस्य, ग्राम कोटवार, पटेल सदस्य एवं ग्राम सचिव को शामिल किया गया है।

# आने वाली पीढ़ियों के लिए लोक संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन है उद्देश्य: मुख्यमंत्री

रायगढ़, 21 अप्रैल। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और तीज त्योहारों को सहेजने की दिशा में एक और पहल के रूप में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि योजना का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से किया। मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की तर्ज पर राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किया गया है। यह योजना 61 विकासखंड सामुदायिक क्षेत्रों की 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। इस योजना की इकाई ग्राम पंचायत होंगी। तीज-त्यौहार मनाने के लिए इस योजना में भी हर ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10-10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। रायगढ़ जिले के दो विकासखंड रायगढ़ और पुसौर के 172 पंचायत योजना में शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वों पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करें। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव,



युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी-तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। लोक-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ही देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, अनुसूचित जाति विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह भी उपस्थित थे। आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह और वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े थे ।रायगढ़ से वर्चुअल रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, अध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ भूमिसुता चौहान सहित पंचायतों के प्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेश के विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में मौजूद हितग्राहियों से बातें कर योजना को लेकर उनके अनुभव भी जान रहे थे। रायगढ़ जिले से ग्राम लोइंग के सरपंच श्री सूरज पटेल ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से कहा कि गांवों में तीज त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसमें पूरे गांव की सहभागिता होती है। इस योजना के माध्यम से त्यौहारों का आयोजन अब और बेहतर हो सकेगा। उन्होंने योजना को लेकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार जताया। उन्होंने भेंट-मुलाकात में गांव को आईटीआई की सौगात देने पर भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पंचायतों को पहली किश्त जारी

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने पहली किश्त के रूप में आज योजना के अंतर्गत आने वाली सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। इसके लिए रायगढ़ जिले के दो विकासखंड रायगढ़ और पुसौर के 172 पंचायत योजना में शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि जारी की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसा सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करते हुए बस्तर संभाग की 1840 ग्राम पंचायतों को योजना की पहली किश्त के रूप में 5-5 हजार रुपए के मान से अनुदान राशि जारी की थी।

### गोधन न्याय योजना के पिछले पखवाड़े का भुगतान भी जारी

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दौरान गोधन न्याय योजना के पिछले पखवाड़े में हुए गोबर क्रय की राशि का भी भुगतान किया। जिसके तहत रायगढ़ जिले में 18 लाख 43 हजार रुपए का भुगतान किया गया। इस योजना की शुरुआत से रायगढ़ जिले में अब तक पशुपालकों को 13 करोड़ 11 लाख रुपए का भुगतान हो चुका है।

# कर्मचारी डाटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दलों के गठन के लिए कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जाना है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी के मार्गदर्शन में कर्मचारी डाटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर (पीपीईएस) के संबंध में जिला सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कार्यालय के तकनीकी ज्ञान रखने वाले डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं लिपिक शामिल हुए।

प्रत्येक विभाग द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों का डाटा एंट्री अपने ही कार्यालय में किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी ने बताया कि प्रशिक्षण देने का उद्देश्य नोडल अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित कराना है कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का शत-प्रतिशत डाटा एंट्री हो, चाहे वह संविदा, प्लेसमेंट, डेली वेजेस क्यों न हो। सभी विभाग के नोडल अधिकारी को सॉफ्टवेयर यूजर मैनुअल, यूजर आईडी एवं पासवर्ड सूचना विज्ञान अधिकारी एनआईसी द्वारा प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की डाटा एंट्री करनी होगी। मूल कार्यालय से अलग अन्य कार्यालय में संलग्न कर्मचारियों की एंट्री उस कार्यालय से करनी है, जहां से उनका वेतन निकाला जाता है। किसी भी



परिस्थिति में कर्मचारी डाटाबेस में किसी भी कर्मचारी की एंट्री एक से अधिक बार नहीं होनी चाहिए।

पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री प्रारंभ करने से पहले कार्यालय एवं समस्त कर्मचारियों की जानकारी संलग्न प्रारूप में तैयार करनी होगी। कर्मचारी डाटाबेस के सभी कॉलम की जानकारी अनिवार्य रूप से भरना होगा। कर्मचारी डाटाबेस में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी का विवरण केवल एक बार ही भरना होगा। कर्मचारी डाटाबेस के फोटो कॉलम में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का कलर फोटो स्कैन कर अपलोड (जेपीजी फॉर्मेट में अधिकतम 20 केबी फाइल साइज) करना होगा। दिव्यांग, निशक्त अधिकारी-कर्मचारी का डाटा एंट्री करते समय दिव्यांगता, निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत भी एंट्री करनी होगी। साथ ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिया गया दिव्यांगता, प्रमाण पत्र स्कैन कर अपलोड (जेपीजी फॉर्मेट में अधिकतम 100 केबी 150 केबी फाइल साइज) में करनी होगी। निर्वाचन ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान कैशलेस माध्यम से उनके बैंक अकाउंट में किया जाएगा। कर्मचारी डाटाबेस में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का वेतन जिस बैंक अकाउंट नंबर में जमा करवाया जाता है, उसका विवरण (अकाउंट नंबर, बैंक का नाम ब्रांच का नाम एवं उसका आईएफएससी कोड) भरना होगा। कर्मचारी डाटाबेस में अधिकारी-कर्मचारी का मतदाता पहचान क्रमांक (ईपीन/ईपीआईसी) नंबर भरना होगा। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी का इपिक नहीं बना है तो संबंधितों के तत्काल इपिक तैयार किया जाकर इपिक नंबर कर्मचारी डाटाबेस में अनिवार्यतः प्रविष्ट करना होगा।

अधिकारी-कर्मचारियों का डाटाबेस अद्यतन होने के बाद अधिकारी-कर्मचारियों की सूची प्रिंट कर जांच करवानी होगी। सब कुछ ठीक होने पर ही डाटाबेस को फाइनलाइज करना होगा। फाइनलाइज होने के पश्चात इस आशय का प्रमाण-पत्र कि विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार हो गया निर्वाचन कार्यालय में भेजना होगा।

### स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्वेच्छानुदान मद से जिले के जरूरतमंदों के लिए राशि स्वीकृत की है। जिसमें महासमुंद के कनुप्रिया, आयुषी चन्द्राकर, सिद्धार्थ दीवान, महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खट्टी के लुकेश्वरी ध्रुव, प्रियंका यादव, झरना महानंद, भावना सिन्हा, ग्राम सोरिद के तुलसी सहीस, ग्राम साराडीह के उर्मिला, ग्राम बेलसोंडा के जयप्रकाश यादव एवं ग्राम घोघरा के लिलेश कुमार साहू के लिए राशि स्वीकृत की है। इसी प्रकार पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गड़बेड़ा के खलेश्वरी, रेशमा रात्रे, दुर्गा पटेल, डाली पटेल, लाली पटेल, मुस्कान साहू, डॉली निर्मलकर, कुनाल साहू एवं ग्राम सेवैय्या के प्रियांशू सोनी के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

## सखी वन स्टॉप सेंटर ने बीमार महिला को परिजनों के सुपुर्द किया

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में 9 अप्रैल 2023 को रात्रि 10 बजे कैदीमुड़ा वार्ड क्रमांक 30 की मितानिन के माध्यम से एक वृद्ध महिला को भटकती अवस्था में देखे जाने पर उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को देखते हुए 181 से संपर्क किया गया। तत्पश्चात महिला को थाना जूटमिल के सहयोग से सखी सेंटर रायगढ़ आश्रय के लिए लाया गया। ज्ञात हो कि उक्त वृद्ध महिला पिछले 3 दिनों से कैदीमुड़ा के मंदिर के पास बैठी थी व मोहल्ले वासियों द्वारा खाना दिया जाता था। पीड़िता चलने-फिरने में असमर्थ थी, जिन्हें सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ के स्टॉफ द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। महिला से प्रारंभिक बातचीत की गई जिसमें उन्होंने सिर्फ अपना नाम बताया परिजन का नाम व पता पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था। पीड़िता अपने स्थानीय भाषा में बात कर रही थी जो कि झारखंड की भाषा थी। तत्पश्चात परामर्शदाता द्वारा झारखंड के स्थानीय भाषा में बात कर पता करने का प्रयास किया गया।

समाचार संक्षेप

## विधायक विक्रम मंडावी इफ्तार की दावत में हुए शामिल



**बीजापुर, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रमजान के पाक महीने में बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी गुरुवार को बीजापुर के जामा मस्जिद में इफ़्तार की दावत में शामिल हुए और रोज़दारों के साथ क्षेत्र में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इफ़्तार की दावत में पहुंचे विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि आपसी भाईचारा और प्रेम हमारे देश की पहचान है। हम सभी को एक दूसरे के मजहब का सम्मान करना चाहिए। विधायक ने कहा कि कुछ लोग देश के भाईचारा और आपसी प्रेम को बिगाड़ने के काम में लगे हुए है। बता दें कि इन दिनों मुस्लिमों का पाक महीना रमज़ान चल रहा हैं। इस पवित्र महीने में मुस्लिम महीनेभर का रोज़ा नमाज कर अपने रब की इबादत करते हैं। गुरुवार को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रोजा इफ्तार की दावत में शरीक हुए। इस अवसर विधायक विक्रम मंडावी के अलावा जिलापंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, एवं बीजापुर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर इम्तियाज़ ख़ान, पूर्व सदर मकबूल खान, अब्दुल सलाम खान, पूर्व सेकेट्री अय्यूब खान, वरिष्ठ पत्रकार याकूब खान, साबीर खान, कारी हाफिज अली, मुख्तार खान, खजांची इदरीश खान, हाफिज हारून, रमजान खान, मुन्नवर खान, इमरान खान सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## तेंदूपत्ता दर में वृद्धि को लेकर सीपीआई ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**बीजापुर, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर के द्वारा भाकपा नेता कमलेश झाड़ी के नेतृत्व में तेंदू पत्ता के दर में वृद्धि को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा।वहीं सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी ने पत्रकार बंधुओं से चर्चा में कहा कि दरअसल तेंदू पत्ता बस्तर का हरा सोना कहलाए जाने वाला बेस्किमती वनोपज है। जो सम्पूर्ण एशिया में छत्तीसगड़ के बस्तर संभाग के बीजापुर क्षेत्र में पाया जाता है। यहां के स्थानीय मूलवासी आदिवासियों के आय का मुख्य स्त्रोत है। जो गर्मी के दिनों में तप्ती दूप में शरीर जलाकर यह वनोपज इक्कठे करते हैं। पर इनका मालिकाना हक़ बीच के बिचौलिए ठेकेदार जनप्रतिनिधी और संबंधित विभाग हड़प लेते हैं इन्हें इनके मेहनत से आधा से भी कम ही मिल पाता है। इसलिए सीपीआई मांग करती है की इस छेत्र के आदिवासियों को उनको उनका असल दर प्राप्त होना चाहिएऔर प्रति गड्डी 4 रुपया से बढ़ाकर 8रुपया किया जाए, और पत्ता खरीदी से लेकर सारा काम स्थानीय बेरोजगार युवाओं को ही दिया जाए ताकि यहां के आदिवासी बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त हो और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके साथ ही ठेकेदार के द्वारा लाए जाने वाले मजदूरों पर शासन के द्वारा रोक लगाया जाए। अन्यता सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर बहुत जल्द तेंदू पत्ता दर वृध्दि को लेकर आंदोलन के लिए तैयारी में है। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन की होगी।इस दौरान सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी, सीपीआई के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीनारायण पोर्टेक, कोवा राम हेमला, राजू तेलाम, सुकलु तेलम, रिंकू, इशांता राव, बुधारू कुडियम, आयतू, मांगू, कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## तेज गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** वर्तमान में तेज गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों, शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में 20 अप्रैल से परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तित समय 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। लोक शिक्षण संचालनालय से जारी आदेशानुसार एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूल सोमवार से शनिवार तक प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होगी। ऐसे स्कूल जहां कक्षाएं दो पालियों में संचालित होती है, वहां प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक और हाई-हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कार्यालय का समय यथावत रहेगा।

## एक नजर

### निपनिया पुलिस सहायता केंद्र ने ग्राम गुड़ेलिया में किया आग्रह कार्यक्रम आयोजित

**बलौदाबाजार 21 अप्रैल।** निपानिया पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी द्वारा ग्राम गुड़ेलिया के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में ÷आग्रह कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। दुर्घटना को नजर रखते हुए ग्रामीण के द्वारा मालवाहक गाड़ी से सवारी लाना ले जाना बंद करने, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर चलाने के लिए एवं अपनी गाड़ी के संबंधित कागजात ड्राइविंग लाइसेंस इंश्योरेंस एवं आरसी बुक को बनवा कर रखने की सलाह दी गई। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी नहीं चलने सहित यातायात नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दिया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ जनों से सकारात्मक चर्चा कर ग्राम गुडेलिया को आदर्श ग्राम बनाने की कोशिशों पर बल दिया गया। आग्रह कार्यक्रम ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं बुजुर्ग एवं गांव की महिला समूह के द्वारा संपन्न किया गया।

### थाना पलारी पुलिस ने पैसा दुगुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजर 21 अप्रैल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी के अपराध क्रमांक 186/2023 धारा 420, 34 भादवि के आरोपी 01. दिनदयाल जांगड़े पिता स्व आशाराम जांगडे उम्र 64 साल एवं 02. पुरूषोत्तम जांगड़े पिता दिनदयाल जांगड़े उम्र 25 साल निवासी धौराभांठा थाना गिधपुरी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया । संपूर्ण कार्यवाही में उपनिरीक्षक पुरूषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी पलारी एवं सउनि श्रवण नेताम , आरक्षक सत्यप्रकाश खरे, गांधी राम वर्मा का योगदान रहा ।

### बालसमुंद तालाब में पर्यटकों को रिझाने किया जा रहा सौंदर्यीकरण

**बलौदाबाजार,21 अप्रैल।** पर्यटकों को रिझाने एवं आम आदमियों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पलारी के प्रसिद्ध बालसमुंद तालाब में बोटिंग सहित अन्य वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी प्रारंभ करनें की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गयीं है। जिसके लिए लगभग 36 लाख रुपये एवं मंदिर के आसपास बड़े पैमाने में सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए लगभग 30 लाख रूपये मंजूर किए गये है। कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर रजत बंसल बालसमुंद तालाब पर पहुँचकर चिन्हाकित कार्यस्थलों को मुयाना किया एवं कुछ कार्यो को सुधारने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने नगर पंचायत के द्वारा किए जा रहे गहरीकरण कार्य को समय पूर्व करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर रजत बंसल ने नये एवं पुराने जनपद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नये जनपद कार्यालय में अव्यवस्थित फाइलों एवं साफ सफाई पर गहरी नाराजगी जताते हुए जनपद पंचायत सीईओ को सुधार के निर्देश दिए है। इसके साथ ही लंबे समय से जनपद कार्यालय में एक सभागार की कमी महसूस की जा रही थी जिसके लिए कलेक्टर श्री बंसल ने जिला खनिज न्यास से 30 लाख रुपये एवं पुराने जनपद कार्यालय में कोंचिंग को सुव्यवस्थित करनें के लिए 20 लाख रूपये को स्वीकृत किए गए है।

# मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि का भूपेश बघेल ने किया वर्चुअल शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,21 अप्रैल।** प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि 2023 योजना का वर्चुअल शुभारम्भ किया। इसका लाभ प्रदेश के 61 विकासखण्डों के 06 हजार 111 ग्राम पंचायतों को मिलेगा। प्रदेश के सांस्कृतिक पर्वों एवं परम्पराओं को सहेजने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को 10-10 हजार रूपए की राशि दो किश्तों में प्रदाय की जाएगी। वर्चुअल शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इसकी शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के पारम्परिक त्योहारों व पर्वों और सांस्कृतिक विरासतों को सहेजने की बात कही, साथ ही योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। आज दोपहर 12.00




बजे से आयोजित वर्चुअल शुभारम्भ कार्यक्रम में जिला पंचायत की सी.ई.ओ. गोपाल वर्मा ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तर पर एनआई लसी कक्ष में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के गैर-अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परम्पराओं को संरक्षित करने और इन त्यौहारों, उत्सवों का मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन किया जाना है। सामुदायिक क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय उत्सवों, त्यौहारों, मेला-मड़ई का विशेष महत्व रहता है। ऐसे सभी उत्सवों, त्यौहारों, सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध करायी जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10-10 हजार रूपए दिए जाएंगे। उक्त योजना जिले के सभी 5 विकासखण्ड पलारी, बलौदाबाजार, भाटापारा,सिमगा, कसडोल एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड सहित कूल 644 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति का गठन किया जाएगा। इसमें सरपंच (अध्यक्ष), पुजारी, बैगा सदस्य, ग्राम के 02 बुजुर्ग सदस्य, ग्राम की दो महिला सदस्य, ग्राम कोटवार, पटेल सदस्य एवं ग्राम सचिव को शामिल किया गया है। स्वान कक्ष में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

## पुराने विवाद को लेकर हत्या एवं जानलेवा हमला करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 21 अप्रैल।** पुलिस ने गत दिवस हुई एक हत्या के आरोपियों को पकड़ लिया है जिनकी एक बालक व अन्य 6 बताए गए है

जानकारी के अनुसार यूवक सुनील पाल ने थाना नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अल्ट्राट्रेक सीमेंट संयंत्र सेंचुरी बैकुंठ गौशाला के मकान में रहता है तथा गौशाला में डेयरी का काम करता है। दिनांक 31.03.2023 को कुंदरू निवासी सुनिल का मामा मृतक जितेन्द्र पाल के बेटे आयुष पाल ने सुनिल को फोन कर बताया गया कि ग्राम जलसो के आशु, ईशु ,फेन्टा, रवि एवं उसके अन्य साथीगण कार मोटर सायकल से आये तथा घर में जबरन घुसकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का और चाकू, पत्थर, लाठी, डंडा वगैरह से मारपीट कर चले गये है। जिस पर सुनिल अपने मामा जितेन्द्र पाल के घर कुंदरू गया देखा तो उसके मामा जितेन्द्र पाल घर के हाल में लहु लुहान गिरा पडा थे। सुनिल ने बताया कि मामाजी होश में थे किन्तु ठीक से बातचीत नही कर पा रहे थे तथा कुछ दूरी पर हाल में ही आयुष भी लहु लुहान पडा था। सुनील के मामाजी जितेन्द्र पाल के पीठ भाग में कई जगह, चेहरा एवं बायें बांह के भुजा के उपर किसी धारदार वस्तु से मारने से चोटे लगी थी, इसी प्रकार आयुष पाल के भी पेट में दो जगह, बायें हाथ की कलाई में, दाहिने पैर जांघ, सिर, पीठ एवं बायें कंधा में किसी धारदार वस्तु से मारने से चोटें लगी थी। सुनील अपने मामा जितेन्द्र पाल एवं भाई आयुष पाल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया कि उपचार के दौरान सुनील के मामा जितेन्द्र पाल की मृत्यु हो गयी।

कुछ दिन पूर्व दीपावली के समय आशु, फेन्टा वगैरह के द्वारा सुनील के मामा जितेन्द्र पाल को ठेकेदारी करता है एक लाख रूपये दे देना नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने की जानकारी मामा जितेन्द्र पाल ने सुनिल को बताया था। पैसा नहीं देने के कारण से ही आशु, ईशु, फेन्टा, रवि एवं उसके अन्य साथीगण एक राय होकर सुनील के मामा जितेन्द्र पाल एवं उसका लडका आयुष पाल की हत्या करने की नियत से उसके घर में जबरन प्रवेश कर गाली गुप्तार करते हुये जान से मारने की धमकी देकर चाकू, पत्थर, लाठी, डंडा से मारपीट कर सुनिल के मामा जितेन्द्र पाल की हत्या किये है तथा जितेन्द्र पाल के लडका आयुष को प्राणघातक वार कर गंभीर चोट पहुचाएं थे।

नेवरा तिल्दा पुलिस द्वारा प्रकरण में पूर्व 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग कार एवं 01 नग मोटर सायकल जप्त किया जा चुका है। टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी कि इसी दौरान घटना में संलिप्त फरार विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार प्रकरण में अब तक कुल 07 आरोपियों/अपचारी को गिरफ्तार किया जा चुका है।प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास नेवरा पुलिस द्वारा किये जा रहे है।

## दुकान में चोरी के आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजर 21 अप्रैल।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक श्री सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी श्री सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 220/2023 धारा 379,34 भादवि के आरोपिया के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया श्रीमति शांति बाई बर्मन पति स्व . लैन दास बर्मन उम्र 50 वर्ष साकिन गिरधारी कांपा थाना कुण्डा चौकी दामापुर जिला कबीरधाम छ . मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 12.04.23 को प्रार्थी के मंडी रोड स्थित हार्डवेयर का दुकान है में अज्ञात महिला द्वारा चैन सा मशीन किमती 6000 - रू को चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना के बलौदाबाजार शहर में अपराध की रोकथाम हेतु सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत लगे छ्ष्टङ्खङ्क कैमरा फुटेज में मिले हुलिया के आधार पर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्र. सी.जी28 एल 9787 के आधार पर मोटर सायकल ओनर का पता कर आरोपी के गांव गिरधारी कांपा जिला कबीरधाम में जाकर पता किया जिसे संदेह के आधार पर पुछताछ करने पर आरोपीया शांति बाई बर्मन अपने बेटे आदर्श बर्मन के साथ बलौदा बाजार में चैन सा को चोरी करना बतायी जिस पर कथन के आधार पर आरापीया के पेश करने पर चोरी के चैन सा किमती 6000 रू एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 28 एल 9787 किमती 40000 रू को जप्त किया गया है एवं आरोपीया शांति बाई को दिनांक 20.04.23 गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## परशुराम जयंती पर होगा परशुराम चौक का लोकार्पण

**तिल्दा नेवरा 21 अप्रैल।** नगर में अखिल भारतीय ब्रह्मण समाज तिल्दा नेवरा द्वारा इस वर्ष भी दिनांक ~ 22/04/2023 दिन ~ शनिवार को भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया जायेगा साथ ही भगवान श्री परशुराम चौक पर मूर्ति की स्थापना लोकार्पणकर्यक्रम भी संपन्न होगा। परशुराम भवन में जन्मोत्सव समारोह में प्रातः भवन में स्थित मंदिर में 11 विवाहित जोड़ो द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना की जाएगी, भव्य मोटर साइकल रैली भी मोटर सायकल रैली, पूर्व खेलकूद, संस्कृतिक कार्यक्रम गत वर्ष अनुसार ही होंगे, समाज की प्रतिभाओं का प्रतिक चिन्ह के साथ सम्मान किया जायेगा, समाज को वर्षो से मार्गदर्शन देने वाले और समाज को वर्षो से सकारात्मक मार्ग पर निरंतर लेजाने वाले वरिष्ठजनों का श्रीफल, शाल, प्रतिक चिन्ह के साथ सम्मान किया जायेगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा-नेवरा सर्व ब्राह्मणों द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूर्ण हो गयी है, कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक घर से सपरिवार उपस्थिति होगी। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के वरिष्ठों को आमंत्रित किया गया कि, बाहर से आये अतिथि आगंतुकों को भी सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में समाज के तिल्दा-नेवरा और आस पास में निवासरत विप्र परिवार सादर आमंत्रित है। अतिथि रूप में आयोजन में विधायक सत्य नारायण शर्मा के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति लेमीक्षा गुरु डहरिया की अध्यक्षता विधायक शिव रत्न शर्मा विधायक प्रमोद शर्मा श्री मति कृष्णा शर्मा पार्षद सहित विशेष अतिथि होंगे साथ ही शाम को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।



# विधायक बघेल ने किया माताओं-बहनो का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 अप्रैल।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत पांडादहा में भुनेश्वर शोभाराम बघेल अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण विधायक डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधायक ने कहा कि आप सभी को महिला सम्मान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। जैसा कि आप सभी जानते हैं आज यहां हम सब यहां महिला दिवस के शुभ अवसरों पर एकत्रित हुए हैं। आज शुभ दिन पर मैं आप सभी के विशिष्ट महिलाओं के सम्मान में कुछ कहना चाहता हूं।

कहते हैं यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता। जहां अर्थात नारी का सम्मान होता है वहां देवता का निवास करते हैं। नारियो के इसी सम्मान का जश्न मनाने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। लेकिन महिलाओं का सम्मन रोज करना चाहिए आज के समय में महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर हैं बल्कि हर क्षेत्र में नौकरी कर रही हैं। हालांकि महिलाओं से देश की पात्रता के लिए प्रत्येक क्षेत्र ने योगदान दिया है चाहे वह खेल का मैदान हो, कला का क्षेत्र हो या फिर शिक्षा का क्षेत्र।

महिलाएं न केवल घर की देखभाल और बच्चों को संभालती हैं बल्कि वे



बाहरी क्षेत्र में नौकरी करके भी बखूबी अपने कर्तव्यों का पालन करती हैं। इसलिए सब करते हुए भी हमारा समाज महिलाओं को सम्मान नहीं देता जिस सम्मान के लिए वे असल में हक़दार हैं। महिला को हमेशा से ही सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा है और इसके अलावा पुरुषों के सामने भी झुकना पड़ता है। महिलाएं कितनी भी आत्मनिर्भरता क्यों न छोड़ें लेकिन समाज महिलाओं को सम्मान दें तो दूर सम्मान की दृष्टि से भी नहीं देखना चाहती हैं। नारियो के सम्मान में कुछ पंक्तियाँ याद आ गई कहने की इच्छा - कुछ लोग कहते हैं, नारी का कोई घर नहीं होता, लेकिन सच तो ये है, कि नारी के बिना कोई घर नहीं होता।

आज भी कई परिवार ऐसे हैं जो बेटे और बेटी में अनबन करते हैं और बेटो को बेटी की चिताएं अधिक पढ़ती हैं। अगर कोई परिवार अपने बेटे और बेटी को समान शिक्षा का अधिकार देता है, तो बेटियों की बेटियों को सीढ़ी पर कदम रखने से पहले ही उन्हें शादी के बंधन में बांध दिया जाता है। जिसके बाद वे केवल अपने परिवार में ही फंस जाते हैं। यही कारण है कि बेटियां या महिलाएं अपना करियर नहीं बना पाती हैं जिससे उनके पति पर स्थायी रहना पड़ता है। कुछ महिलाएं तो शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण ससुरालपक्ष के शोषण का शिकार बनी रहती हैं। आज के समय में बहू-बेटियों पर इतना जुल्म होता है कि जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। न जाने हमारा समाज और हमारा देश कौन और जा रहा है ? हमारे देश में रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा, लता मंगेशकर, इंदिरा गांधी जैसी नारी हुई है। इसके अलावा हमारे देश में प्रतिभा पाटिल जैसी महिलाओं ने राष्ट्रपति का सर्वोच्च पद प्राप्त करके देश का मान बढ़ाया है।

शक्ति का अवतार है नारी,
गांभीर्य का भण्डार है नारी,
नारी बिन ये जग है अधूरा,
जीवन का आधार ही नारी।

भारतीय संस्कृति में भी महिलाओं के महत्व को देखते हुए उन्हें देवी के रूप में बताया गया है। हिन्दू शास्त्रों और पुराणों में भी महिलाओं की अदम्य शक्तियों का वर्णन किया गया है। महिलाएं एक माँ, बहन, बेटी और बहू बनकर अपने सभी दायित्वों को और भली-भाँति जारी करती हैं और संस्कारी एवं एक संगी समाज का निर्माण करती है। वास्तव में नारी सूरज की सुनहरी किरणें और प्रेम का आगर है। हम सभी महिलाओं को महत्व देना चाहिए और उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए। महिलाएं और बेटियां आए दिन अलग-अलग तरीके से किसी न किसी के अत्याचारों का शिकार बनती जा रही हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि केवल एक ही देश की महिलाएं पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हैं। दो चार लोगो की सोच बदलने से काम नहीं चलेगा। धीरे-धीरे ही सही लेकिन पूरे समाज की सोच में बदलाव बहुत जरूरी है। यह काम कोई अकेला एक व्यक्ति नहीं कर सकता.नारियों को उनके हक का सम्मान देना होगा। हालांकि अगर देखा जाए तो आज के समय में समाज में महिलाओं और बेटियों के प्रति विरोध की वजह से काफी बदलाव आया है। ज्यादातर समाज अपनी बहू और बेटियों की पढ़ाई के लिए नंबर ले रहा है। वह चाहते हैं कि उनकी बहू-बेटी पढ़कर अपने साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन करें और अपना भविष्य उज्जवल बनाएं।

### समाज कल्याण विभाग ने ट्राइसाइकिल प्रदान की

**सिमगा 21 अप्रैल।** आज जनपद पंचायत सिमगा में हरिओम पाल पिता कुवरलाल व कुंवरचंद सतनामी पिता भादु साकीन दरचुरा को समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसायकल प्रदत्त किया गया। जिसमे जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष श्रीमती वीणा आडिल, उपाध्यक्ष श्री विवेक अग्रवाल अमित दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिमगा सेवाराम गेंडरे विकास विस्तार अधिकारी संजू डहरिया समाज शिक्षा संगठक एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।



### सहकारी समितियों में सीएससी सेंटर स्थापित किये जाने एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**बलौदाबाजार,21 अप्रैल ।** जिले के सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कम्प्यूटर ऑपरेटरों का दो पालियों में सहकारी समितियों में सामान्य सेवा केन्द्र सीएससी सेंटर स्थापित किये जाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नोडल कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या.रायपुर,शाखा बलौदाबाजार में किया गया। प्रशिक्षण में सीएससी ई-गवर्नेस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के द्वारा बहुआयामी सेवाएं जैसे- जीटूसी सेवाएं बिल भुगतान संबंधी सेवाएं बैंकिग इंश्योरेंस सेवाएं शैक्षिणक सेवाएं जिसके माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र, आधार सेवाएं पासपोर्ट,पैन कार्ड, बिजली बिल भुगतान खाते खोलना, पैसा जमा एवं निकासी,राष्ट्रीय पेंशन योजना, वित्तीय लेखाकंन, बाल विद्यालय जैसी सेवाएं सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों तथा आमजनों को सुविधाएं उपलब्ध हो पायेगा।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. ई. पंजी. / 202303082200007/ अ-6 / वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक बद्रीप्रसाद पाली पिता कंवल पाली साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-15डी भू-खण्ड क्र.- 188 क्षेत्रफल 75.00 व.मी. रामविलास आ. कंवल सिंह के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड को मूल धारक द्वारा आवेदक के पक्ष में पंजीकृत दान-पत्र दिनांक 07.02.2023 निष्पादित किये जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 12/5/2023 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 12/5/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21/4/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक 21/04/2023**
**पेशी दिनांक 12/05/2023**

(मुहर) **नजूल अधिकारी, कबीरधाम**

**एनएमडीसी लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम) (आईएसओ.9001 कंपनी)**
**बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली परिसर**
**बचेली, जिला-दक्षिण बस्तर (दन्तेवाड़ा) छ.ग.-494553**
**एमएससी-एससी/एसटी विक्रेता पंजीकरण अधिसूचना**

**अधिसूचना संख्या/BB/MM/MC/MSE SC-ST/** **दिनांक 13.04.2023**

एनएमडीसी लिमिटेड भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है जो भारत में लौह अयस्क का सबसे बड़ा एक उत्पादक है।

सार्वजनिक खरीद नीति व सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड, बचेली कॉम्प्लेक्स एमएससी-एससी/एसटी उद्यमियों(विनिर्माण इकाइयों) को व्यापार के नए अवसर प्रदान करने तथा व्यापार विस्तार के लिए हमारे साथ जुड़कर काम करने हेतु आमंत्रित करता है अतः इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने व अपने उद्यमों को पंजीकृत करवाने हेतु निम्न व्यक्तियों से संपर्क करें-

श्री के विजया भास्कर, महाप्रबंधक (सामग्री)-9490759625
श्री आलोक कुमार झा, वरिष्ठ प्रबंधक (सामग्री)- 9406489851
श्री विनय सैनी, सहायक प्रबंधक (सामग्री)- 8077651825
श्री मधुर ग्रोवर, सहायक प्रबंधक (सामग्री)- 8076812100

**सामग्री प्रबंधक विभाग**
**एनएमडीसी, बचेली कॉम्प्लेक्स**

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा

-::मैनुअल पद्धति निविदा सूचना::-

**नि.क्र.01/ व.ले.लि./23-24** **दन्तेवाड़ा, दिनाँक 18/04/2023**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत ''द'' श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से तथा छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश से किये गये ''ई' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "AE" में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है.-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथिः- 02.05.2023**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला दन्तेवाड़ा के दन्तेवाड़ा-फरसपाल से ढोलकाल मार्ग तक फर्नीचर का कार्य, लंबाई=3.45 कि.मी. | 3.15 | 'द' श्रेणी एवं अधिक |
| 2 | जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में बालक एवं बालिका छात्रावास में रिनोवेशन एवं फलोरिंग, शेड निर्माण, तथा बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य (शेष कार्य) | 5.35 | 'ई' श्रेणी |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग**
**दंतेवाड़ा**

**जी- 00393/3**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ /स) कोण्डागांव संभाग कोण्डागांव

**प्रथम निविदा आमंत्रण**

**क्रमांक 1727/ NIT-02 / 2023-24 / वलेलि** **कोण्डागांव दिनांक 17.04.2023**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोण्डागांव संभाग कोण्डागांव के कार्यालय में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क कार्य हेतु लागू दर अनुसूची एवं संशोधन के अनुसार प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत के आधार पर पंजीकृत पावती युक्त या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | :- | 24.04.2023 सांय 5:30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :- | 02.05.2023 सांय 5:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- | 03.05.2023 सांय11:30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में) | :- | 1500.00 |
| निविदाकार की श्रेणी | :- | ई पंजीयन के अंतर्गत 'द' श्रेणी से 'अ' श्रेणी तक |
| कार्य की अवधि | :- | 01 माह |

| कार्य का नाम / No. Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि ( लाख रू. में) बैंक साल्वेंसी (लाख रु में) |
|---|---|
| Providing and fixing Road Furniture on Budrapara (Kumhari ) 2/2 to Malgaon Road (Km 1/2 to 3/10= 2.925 km), Bhirawand to Lakhapuri Road (Km 1/2 to 3/4= 2.35 Km & Widening & Upradation of Kondagaon Amrawati Yearla Road ( Km 1,2,3,(400),41(600),42,43,44 = 6.00Km. | 25.20<br>18900.00<br>378000.00 |

अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। कोई भी निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि.(भ/स) कोण्डागांव**
**संभाग कोण्डागांव**

**जी- 00381/3**

# महार जाति को अजा सूची में शामिल करने रमन ने शाह को लिखा पत्र

**रायपुर 21 अप्रैल।** आज पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्र सरकार को 2 पत्र लिखे जिसमें उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 1992 से आरक्षण से वंचित छत्तीसगढ़ के महार/मेहरा/मेहर जाति को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति की सूची में प्रतिस्थिापित करने का आग्रह किया है। पूर्व सीएम रमन सिंह ने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ राज्य में महारा/महरा जाति को छत्तीसगढ राज्य अनुसूचित जाति की सूची के सरल कमांक 33 में महार/मेहरा/मेहर के साथ प्रतिस्थापित करने हेतु समाज के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन प्रस्तुत किया है। उन्होंने विशेष ध्यान देते हुए उल्लेखित किया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग में महारा समुदाय की जनसंख्या लगभग 6 लाख से अधिक है, जो वर्ष 1992 से आरक्षण से वंचित हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने महरा, माहरा समुदाय को छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जातियों की सूची में महार, मेहरा, मेहर की पर्यायवाची के रूप में शामिल करने की अनुशंसा प्रस्ताव दिनांक 07.12.2021 23.12.2021. 10.01.2022 और 28.01.2022 अनुसार की है, एवं प्रक्रिया अनुसार भारत के महारजिस्ट्रार एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने प्रस्ताव का परीक्षण कर सहमति व्यक्त कर दी है। जिसमें कि भारत सरकार राजपत्र दिनांक 18.12. 2002 अनुसार पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार में महार, मेहरा, मेहर, महारा को अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखने की मान्यता प्रदान कर दी है।



इस संबंध में डॉ रमन सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 (2) के परिपेक्ष्य में प्रस्ताव संसद के विचारार्थ एवं पारित करने हेतु विधेयक के रूप में प्रसंस्कृत किये जाने के लिए विधेयक संसद में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश देने का आग्रह किया। इसके साथ ही डॉ रमन सिंह ने गृह मंत्रालय और इंडिगो के मध्य हुये अनुबंध के अनुसार बस्तर के नक्सल मोर्चे पर तैनात हजारों जवानों के लिये बस्तर से दिल्ली तक निःशुल्क हवाई सुविधा के लिए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को आभार प्रकट किया। इसके उपरांत उन्होंने पत्र में आगे लिखा कि बस्तर के आम नागरिकों के लिये दिल्ली हेतु कोई सीधी रेल या बस सेवा नही है, गृह मंत्रालय के उपरोक्त अनुबंध अनुसार केवल अर्धसैनिक बल के जवानों के लिये सप्ताह में 3 दिन इंडिगो का 70 सीटर विमान संचालित है, यदि इस 70 सीटर विमान के स्थान पर 114 सीटर विमान का संचालन कर, अर्धसैनिक बल के अलावा शेष 30-40 सीटें आम नागरिकों के लिये आरक्षित कर, हवाई सेवा संचालित की जाये तो आम नागरिकों के लिये बहुत बड़ी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# भांग घोटा का लाइसेंस समय पर नहीं देने से बढ़ी तस्करी

- यूपी से तस्कर ला रहे भांग
- डोडा का लाइसेंस जारी नहीं होने पर बिक रहा ब्लैक में

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,21 अप्रैल।** आबकारी विभाग द्वारा भांग का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं करने के कारण इस समय भांग-घोटा,डोडा की बिक्री ब्लैक में हो रही है। इस समय उत्तरप्रदेश से उच्च क्वालिटी का भांग लाया जा रहा है।

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शराब बिक्री का शासकीयकरण हो गया है। भांग एवं घोटा तथा डोडा की नीलामी से राशि मिलती है। वहीं एफएल 1-2 के अलावा 5स्टार होटल बार से भी रशि मिलती है। भांग घोटा की निर्धारित नीलामी मार्च महीने में हो जानी थी लेकिन इसमें काफी विलंब हो गया है। वर्तमान में 3 हजार किलो में भांग मिलता है लेकिन सरकार द्वारा लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करने के कारण भांग की बिक्री धड़ल्ले से ब्लैक में हो रही है। इसे अधिक रेट पर बेचा जा रहा है। उत्तरप्रदेश से इसकी तस्करी भी की जा रही है। सरकार ने आय बढ़ाने के लिए सभी बारों की लाइसेंस फीस बढ़ा दी है।

राज्य शासन द्वारा शराब की बिक्री का काम फ्लैशमेंड कंपनी को दिया गया है। यहां पर घटिया और महंगी शराब मिल रही है, जिससे मदिरा प्रेमी परेशान है। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद पाटले के अनुसार राजधानी में 5 भांग घोटा की दुकान है। अब चालू सप्ताह में इनका लाइसेंस जारी कर दिया गया है। सरकार द्वारा डोडा की नीलामी एवं लाइसेंस नहीं दिया जाता है। ज्ञात रहे अफीम के दाने पोस्ता का उपयोग विभिन्न ढाबों में किया जाता है। ढाबे वाले चाय में इसे डालकर ड्राइवरों को पिलाते हैं। मध्यप्रदेश के मनसौर में आफिम की खेती होती है। इसे काला सोना कहा जाता है। अफीम का उपयोग अनेक द्रव्यों में किया जाता है। इसे सूखाकर चरस भी बनाया जाता है।

## आवारा कुत्तों के बीच फंसे निगम सभापति प्रमोद दुबे

**रायपुर 21 अप्रैल ।** राजधानी में आवारा कुत्तों के आंतक ने आज सुबह नगर निगम के सभापति व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे को मुसीबत में डाल दिया था। वे कुत्तों के हमले से बाल-बाल बचे हैं। प्रमोद दुबे



अपनी सेहत के लिए प्रतिदिन सुबह सायकिलिंग करते हैं। साथ ही वे सायकल चलाकर यह संदेश भी देते हैं कि इससे प्रदूषण कम किया जा सकता है। वैसे भी वे प्रतिमाह सायकल यात्रा निकालते हैं। आज सुबह भी वे अपने सुंदर नगर निवास से सायकल चलाते हुए प्रोफेसर कालोनी तक चले गए थे। यहां उन्हें आवारा कुत्तों की बारात ने घेर लिया था। दुबे ने अपने ट्वीटर पर लिखा है कि समझ नहीं आ रहा था कि सायकल रोकें कि तेजी से पैडल मारे। दुबे ने आवारा कुत्तों के लिए बने कानून में तब्दीली के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है। बहरहाल दुबे कुत्तों के बीच से किसी तरह बाहर निकले और घर पहुंचे। ज्ञात हो कि राजधानी में कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। मुहल्लों तथा कालोनियों में आवारा कुत्तें झुंड बनाकर घुमते रहते हैं। कई लोग इसके शिकार हो गए हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री 22 अप्रैल को करेंगे कौशल्या महोत्सव का शुभारंभ

**रायपुर, 21 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 22 अप्रैल को माता कौशल्या महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। कौशल्या महोत्सव 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आरंग विधानसभा क्षेत्र के चंदखुरी में आयोजित होगा। महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री एवं रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया एवं समस्त मंत्रीगण, सांसदगण, संसदीय सचिव, विधायगण, निगममंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार प्रदेश की कला, संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देने सतत् प्रयास के अंतर्गत तथा माता कौशल्या जन्मभूमि के वैभव को विश्व पटल पर स्थापित करने एवं महिला सशक्तिकरण, कार्यशील कलाकरों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों के सतत् विकास हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में राष्ट्रीय स्तर पर माता कौशल्या महोत्सव मनाने की घोषणा की थी। महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में माधुरी महिला मानस मंडली गरियाबंद, पुष्पांजलि सिन्हा, राम की शक्ति पूजा वाराणसी व्योमेश शुक्ला, भक्तिमय गीत-संगीत भजन मुम्बई और सु कविता पौडवाल द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने अम्बिकापुर में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का किया लोकार्पण

**रायपुर, 21 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग के मुख्यालय अम्बिकापुर में नवनिर्मित ट्रांजिट हॉस्टल का लोकार्पण किया। ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण हेतु वर्ष 2018 में 10.41 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। जिसका निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आज मुख्यमंत्री बघेल द्वारा लोकार्पण संपन्न हुआ। ट्रांजिट हॉस्टल जी3 भवन है। इस ट्रांजिट हॉस्टल में कुल 54 कमरे हैं। ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण से स्थानांतरण पश्चात अम्बिकापुर आने वाले शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को शहर के बीचों बीच सर्वसुविधायुक्त आवास की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव चिन्तामणि महाराज सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### शराब की अवैध बिक्री, 3 गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अप्रैल ।** दुकान और रेस्टॉरेंट में अवैध रूप से शराब बिक्री करते 3 संचालक को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई थाना अभनपुर क्षेत्रांगतर्गत ग्राम गातापार स्थित दुकान में दुकान संचालक द्वारा दुकान में अवैध रूप से शराब बिक्री किया जा रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी अभनपुर को आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये ग्राम गातापार स्थित दुकान में जाकर दुकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान दुकान का संचालक उपस्थित था। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम कैलाश घुतलहरे तथा भंवरलाल घृतलहरे निवासी अभनपुर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दुकान की तलाशी लेने पर दुकान में शराब रखा होना पाया गया।


### गौठानों में 30.56 लाख क्विंटल कम्पोस्ट खाद का उत्पादन

**रायपुर, 21 अप्रैल।** गोधन न्याय योजना के तहत राज्य के गौठानों में 2 रूपए किलो में क्रय किए जा रहे गोबर से महिला समूहों द्वारा अब तक कुल 30 लाख 56 हजार 184 क्विंटल कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है, जिसमें 24 लाख 89 हजार 229 किवंटल वर्मी कम्पोस्ट, 5 लाख 48 हजार 31 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट एवं 18,924 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस खाद शामिल है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से क्रमशः 10 रूपए, 6 रूपए तथा 6.50 रूपए प्रतिकिलो की दर पर विक्रय किया जा रहा है।

### निधन

#### मुकुंदलाल हलवाई

**रायपुर।** फोटो जर्नलिस्ट रमन हलवाई के पिताजी श्री मुकुंदलल हलवाई का शुक्रवार को निधन हो गया। वे सरल, सहज,स्वभाव के थे । उनकी अंतिम यात्रा 21अप्रैल को उनके निवास सत्तीबाजार से 2 बजे निकाली जायेगी, जहां उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमसान घाट मे किया जायेगा । श्री मुकुंदलाल समाज सेवी भी रहे। श्री मुकुंदजी का निधन छत्तीसगढ़ की समाजसेवियों के लिए एक अपूरणीय क्षति हैं। प्रेस क्लब परिवार ने उन्हे श्रद्धांजली दी है ।



## बेरोजगारी भत्ते पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का तंज

### क्या खैरात से कभी जवानी पलेगी



**रायपुर 21 अप्रैल।** पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने 30 हजार युवाओं का बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत होने पर कहा कि क्या खैरात से जवानी कभी पलेगी? जवानी को बढ़ना है, तो खैरातों को छोड़ना पड़ेगा. वहीं चंद्राकर के बयान पर पलटवार करते हुए मोहन मरकाम ने कहा कि सरकार ने बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी. और हम खैरात नहीं दे रहे हैं, जनता का पैसा जनता को दे रहे हैं. भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि जवानों को चुनावी उपकरण नहीं बनाया जा सकता. इसके साथ ही उन्होंने कौशल विकास के लिए 3 साल के बजट को सार्वजनिक करने की मांग की. उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कौशल उन्नयन हुआ है. छत्तीसगढ़ की लोग गोबर बीनना और गोमूत्र एकत्र करना सीखे हैं. अजय चंद्राकर के बयान पर मोहन मरकाम ने पलटवार करतेहुए कहा कि भाजपा ने 2003 के घोषणा पत्र 12वीं पास युवाओं को नौकरी या 500 भत्ता का वादा किया था. 15 साल सरकार रही, सिर्फ जनता को लॉलीपॉप देने का काम किया. जनता ने भाजपा को सबक सिखाया. भाजपा को सबक याद रखना चाहिए।

## हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से दिलाई राहत

**रायपुर , 21 अप्रैल।** राजधानी रायपुर में आज तड़के बूंदबांदी होने के बाद आज गर्मी से थोड़ी राहत मिली है. आईएमडी के अनुसार अगले दो-तीन दिनों तक मौसम सामान्य रहेगा। बता दें कि प्रदेश में अगले 4 घंटो के लिए कल मौसम विभाग ने जारी अलर्ट किया था। वहीं रायपुर संभाग, बिलासपुर संभाग, दुर्ग संभाग में वज्रपात की संभावना जताया था। प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने भी स्कूलों के समय में बदलाव किया है। सुबह और दोपहर की शिफ्ट में लगने वाले स्कूलों में आधा घंटा पहले ही बच्चों की छुट्टी हो जाएगी।

# अजीत जोगी की जयंती पर राज्यपाल को दिया आमंत्रण

मुख्यनगर संवाददाता

**रायपुर,21 अप्रैल।** प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की जयंती 29 अप्रैल को सागौन बंगले में मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल को आमंत्रित करने के लिए जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आज राज्यपाल से मिले।

जोगी कांग्रेस के प्रवक्ता एवं राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी छत्तीसगढ़ की राजनीति में लंबे अरसे सक्रिय रहे। वर्तमान में उनकी पत्नी श्रीमती रेणु जोगी कोटा से विधायक हैं जबकि अजीत जोगी ने मरवाही से अपनी जीत दर्ज कर रिकार्ड बनाया था। नौकरशाह से राजनेता बने अजीत जोगी का जीवन विवादों से घिरा रहा लेकिन वे छत्तीसगढ़ में सर्वहारा वर्ग में लोकप्रिय रहे। जोगी कांग्रेस के प्रवक्ता भागवानु नायक ने बताया कि 29 अप्रैल को अजीत जोगी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता ,विधायक, पार्षद एवं अनेक पदाधिकारी शामिल होंगे। रेडक्रास सोसायटी के अशोक अग्रवाल भी आज राज्यपाल से मिले। उन्होंने भी रेडक्रास दिवस पर उन्हें आमंत्रित किया है। 8 मई को रेडक्रास दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। राज्य के आदिवासी नेता नंदकुमार साय भी राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे। राज्य में आदिवासियों के हितों तथा आरक्षण में उपेक्षासहित अन्य मुद्दों पर उन्होंने राज्यपाल से चर्चा की है। राज्यभवन के अनुसार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे भी राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे राज्यपाल ने उनका कुशलक्षेम पूछा। छत्तीसगढ़ की वर्तमान परिस्थितियों के बारे में चर्चा की। राज्यभवन के अनुसार 24 अप्रैल को ट्रीपल आईटी में दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर वे गोल्ड मेडल अन्य संकाय में उत्तीर्ण छात्राओं को डिग्री देंगे।




# एनएसयूआई के घंटों हंगामे के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे डीईओ कार्यालय



**रायपुर 21 अप्रैल।** मंगलवार को टाटीबंध के कृष्णा किड्स स्कूल की केजी टू की बच्ची हादसे का शिकार होते-होते बची थी। पांच साल की मासूम टाटीबंध चौक पर स्कूल वैन का गेट खुलने से गिर गई थी जिससे कोई बड़ी घटना हो सकती थी। हादसे के विरोध में एनएसयूआई लगातार 2 दिनों से डीईओ कार्यालय में जमकर नारे बाजी कर रही है । मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी का घंटो इंतजार के बाद न मिलने पर नाराज होकर वापस लौट गई थे। जहां अधिकारियों ने मंगलवार शाम तक करवाई कर जवाब देने का आश्वासन दिया था। इस मामले में एनएसयूआई के छात्र नेताओं का कहना है की ना तो हमे जबाव दिया गया न ही अधिकारियों द्वारा हमारा फोन उठाया गया । कोई जवाब न मिलने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने ष्ठश्वह्र कार्यालय का घेराव किया और लापता डीईओ की खबर देने पर उचित इनाम का पोस्टर चिपका दिए। घंटो हंगामे और नारेबाजी के बाद 3 दिन से लापता डीईओ कार्यालय पहुंचे और पुनः एनएसयूआई को जल्द से जल्द करवाई करने का आश्वासन दिया है

एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने बताया ऐसे बड़ी लापरवाही के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी मिलने के लिए राजी नही है और घटना के 3 दिन बाद अब तक कोई करवाई ना होने पर नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने आगे बताए कि हम डीईओ सर से मिलकर इस विषय में चर्चा कर 26 तारीख तक जल्द करवाई करने का मांग की है। अगर इस मामले पर जल्द ही उचित करवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी ।

घेराव में प्रदेश सचिव कुनाल दुबे,मोनू तिवारी , अंकित शर्मा चिरंजीवी टंडन, हरीश पटनायक , पुनेश्वर लहरे , गावेश साहू , अनुज शुक्ला, विकाश पांडे , रजत ठाकुर , धनंजय कोसले आदि उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23